




RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534

डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

साझा करें अपने मित्रों से

सांध्य दैनिक

दुर्ग-रायपुर-बस्तर संभाग

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल








वर्ष- 13, अंक - 180 | श्रीकंचनपथ ONLINE | visit us http://www.shreekanchanpath.com | भिलाई, सोमवार 18 अप्रैल 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-







# केन्द्रीय मंत्रियों का छत्तीसगढ़ दौरा, सीएम भूपेश बोले-तलाश रहे राजनितिक जमीन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में सोमवार को 4 केंद्रीय मंत्रियों का अलग-अलग दौरा है। केंद्रीय मंत्री आकांक्षी जिलों में मोदी सरकार की योजनाओं की जमीनी हकीकत देखेंगे। सोमवार को केंद्रीय उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, केंद्रीय वन राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे, केंद्रीय राज्य मंत्री भानुप्रताप सिंह वर्मा और केंद्रीय संचार राज्य मंत्री देवसिंह चौहान का दौरा रहेगा। सभी जिलों में केंद्रीय मंत्री भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से मुलाकात भी करेंगे। केंद्रीय मंत्रियों के छत्तीसगढ़ दौरे को लेकर राजनीतिक पारा भी चढ़ा हुआ है। सीएम भूपेश इसे राजनीतिक दौरा बता चुके हैं।





बता दें कि 9 केंद्रीय मंत्रियों का दौरा छत्तीसगढ़ में प्रस्तावित है। छत्तीसगढ़ में 10 आकांक्षी जिलों में केंद्रीय योजनाओं की जमीनी हकीकत से वाकिफहोंगे। अप्रैल के आखिरी तक सभी मंत्रियों को आना है। केंद्रीय मंत्रियों के छत्तीसगढ़ दौरे को लेकर राजनीतिक पारा भी चढ़ा हुआ है। केंद्रीय नागरिक उड्?डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया सोमवार देर शाम तक आएंगे। वे राजनांदगांव जिले का दौरा करेंगे। मंगलवार को जिला प्रशासन के साथ समीक्षा बैठक कर किसी गांव का दौरा करेंगे। देर शाम वे रायपुर से होकर दिल्ली लौट जाएंगे। इसी तरह केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री भानुप्रताप सिंह वर्मा सोमवार को रायपुर पहुंच जाएंगे। भाजपा कार्यालय में प्रदेश के नेताओं से मुलाकात के बाद वे कांकेर जिला जाएंगे। रात को कांकेर में रुकेगे और मंगलवार को फील्ड विजिट करेंगे। वहां से कांकेर आकर जिला प्रशासन के अफसरों के साथ बैठक करेंगे। भानुप्रताप शाम तक दिल्ली लौटेंगे।

## कोरबा जाएंगे वन मंत्री अश्विनी कुमार चौबे

केंद्रीय वन, पर्यावरण राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे सोमवार शाम को रायपुर आएंगे। यहां से कोरबा जाकर रात्रि विश्राम करेंगे। मंगलवार को जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। केंद्रीय मंत्री कुछ गांवों का दौरा करेंगे। पार्टी के पदाधिकारियों और नेताओं से चर्चा करेंगे। दोपहर को अमरकंटक स्थित केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। रात्रि कोरबा में विश्राम के बाद बुधवार को वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों, एसईसीएल के अधिकारियों के साथ खनन क्षेत्र दौरा करेंगे। दोपहर को रायपुर के जंगल सफारी और शाम को दिल्ली लौटेंगे।

## राजनीतिक जमीन तलाशने आ रहे मंत्री

सामाजिक न्याय पखवाड़े के तहत केंद्रीय मंत्रियों के छत्तीसगढ़ दौरे को लेकर राजनीति भी गरमाने लगी है। दरअसल, छत्तीसगढ़ में साल 2023 में विधानसभा का चुनाव होना है। भाजपा डेढ़ साल पहले ही चुनावी तैयारियों में जुट जाती है। 5 राज्यों में हुए चुनाव में भाजपा को 4 राज्यों में ऐतिहासिक जीत मिली है। लिहाजा केंद्रीय मंत्रियों के दौरे को चुनावी रणनीति के रूप में भी देखा जा रहा है। वहीं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल केंद्रीय मंत्रियों के छत्तीसगढ़ आगमन को लेकर कह चुके हैं कि उनका दौरा राजनीतिक है। वे कुछ देने तो नहीं रहे हैं। वे छत्तीसगढ़ में राजनीतिक जमीन तलाश रहे हैं। बता दें कि सीएम भूपेश ने कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चिट्ठी लिखकर आकांक्षी जिलों के मानिटरिंग इंडिकेटर में कुछ विषयों को जोड़ने का आग्रह भी किया है।

## दंतेवाड़ा जाएंगे केंद्रीय मंत्री देवसिंह चौहान

केंद्रीय संचार राज्य मंत्री देवसिंह चौहान सोमवार को दोपहर 2 रायपुर आएंगे। विवेकानंद एयरपोर्ट से सीधे जगदलपुर जाएंगे। शाम को बस्तर रियासत के राजा और भाजपा नेता कमलचंद भंजदेव सहित बीजेपी कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। मंगलवार को नक्सल प्रभावित दंतेवाड़ा जिले में मोदी सरकार की योजनाओं की समीक्षा करेंगे। इसके बाद भाजपा के पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। संचार मंत्री बुधवार को दंतेवाड़ा से रायपुर लौटेंगे। रायपुर में निजी होटल में एक बैठक में शामिल होंगे उसके बाद दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

## खास-खबर

### दिल्ली की टीम में कोरोना का तीसरा मामला, सभी खिलाड़ी क्वारंटीन, दो दिन तक होंगे टेस्ट


**मुंबई ( एजेंसी )।** आईपीएल 2022 में कोरोना का दूसरा मामला सामने आया है। दोनों मामले दिल्ली कैपिटल्स की टीम में हैं। पहले दिल्ली के फिजियो पैट्रिक फरहात कोरोना संक्रमित पाए गए थे। इसके बाद टीम के एक खिलाड़ी और एक सपोर्ट स्टाफ की कोरोना रिपोर्ट भी पॉजिटिव आई है। अब दिल्ली कैपिटल्स की टीम के सभी सदस्यों को होटल में क्वारंटीन कर दिया गया है। सभी खिलाड़ियों को दो दिन तक होटल में ही रखा जाएगा और इस दौरान सभी का टेस्ट होगा। कोरोना जांच की रिपोर्ट आने के बाद ही कोई फैसला लिया जाएगा। इस वजह से दिल्ली और पंजाब के बीच 20 अप्रैल को होने वाला मैच भी स्थगित हो सकता है।

हालांकि, इस मामले में अब तक कोई आधिकारिक जानकारी नहीं आई है, लेकिन मीडिया रिपोर्ट के अनुसार रैपिड एंटीजन टेस्ट में दिल्ली की टीम में शामिल ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। साथ ही एक सपोर्ट स्टाफ के अंदर भी कोरोना के लक्षण थे और अब उसकी रिपोर्ट भी पॉजिटिव आई है। हालांकि, इससे पहले हुए टेस्ट में इस सदस्य की रिपोर्ट निगेटिव आई थी।

### कोरोना का कहरः फिर पांव पसार रहा कोरोना, 65 नए मामलों में 19 बच्चे

**नोएडा ( एजेंसी )।** दिल्ली समेत नोएडा और गाजियाबाद में कोरोना एक बार फिर अपने पांव तेजी से पसार रहा है और इस बार इसकी चपेट में बच्चे बड़ी संख्या में आ रहे हैं। सोमवार को जारी गौतमबुद्ध नगर और गाजियाबाद की कोरोना बुलेटिन के अनुसार दोनों शहरों में कुल 22 बच्चे बीते 24 घंटे में कोरोना की चपेट में आए हैं, जिनकी उम्र 18 से कम है। सोमवार को जारी हेल्थ बुलेटिन के अनुसार गौतमबुद्ध नगर यानी नोएडा और ग्रेटर नोएडा में बीते 24 घंटे में कुल 65 मरीज सामने आए हैं, इनमें से 19 बच्चे हैं। वहीं इसी अवधि में कुल 13 संक्रमित ठीक भी हुए हैं और वर्तमान में जिले में कुल 332 सक्रिय मरीज हैं। बात अगर गाजियाबाद की करें तो सोमवार को आई कोरोना बुलेटिन के अनुसार बीते एक दिन में कुल 20 नए संक्रमित सामने आए हैं। इनमें से तीन बच्चे हैं। वहीं चार संक्रमित ठीक भी हुए हैं।

# नक्सली हमलाः सीएएफ कैंप पर फायरिंग मुठभेड़ में 4 जवान घायल, यूजीबीएल भी दागे



श्रीकंचनपथ न्यूज

बीजापुर। बीजापुर जिले में माओवादियों ने रविवार की रात बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। नक्सलियों ने फोर्स के कैंप पर हमला कर दिया, जिससे 4 जवान घायल हुए हैं। माओवादियों ने छत्तीसगढ़ आर्म्स फोर्स (सीएएफ) के कुटरू थाना क्षेत्र के दरभा स्थित कैंप पर यूबीजीएल दागे और अंधाधुंध फायरिंग की है। घायल जवानों को बीजापुर जिला अस्पताल लाया गया, जहां से गंभीर रूप से घायल 2 जवानों को रायपुर रेफर किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार रविवार की रात करीब 11:00 बजे नक्सलियों ने कुटरु थाना क्षेत्र के दरभा स्थित सीएएफ कैंप में फायरिंग शुरू कर दी। जंगल की आड़ लेकर नक्सलियों ने कैंप पर दर्जनभर से अधिक यूबीजीएल भी दागे हैं। जवानों ने भी मोर्चा संभाला और मुंहतोड़ जवाब दिया। करीब एक घंटे तक रुक-रुक दोनों तरफ से फायरिंग होती रही। सुरक्षा बल के जवानों को भारी पड़ता देख नक्सली फरार हो गए।

## जंगल में सर्चिंग ऑपरेशन चला रहे जवान

इस गोलीबारी में सुरक्षा बल के 4 जवान घायल हो गए हैं, जिसमें 2 जवानों को बेहतर उपचार के लिए रायपुर रेफर कर किया गया है। वहीं 2 जवान का इलाज बीजापुर के जिला अस्पताल में चल रहा है। इस घटना के बाद डीआरजी, सीएएफ व अर्धसैनिक बल के जवानों की एक टीम को सर्चिंग के लिए जंगल की ओर रवाना किया गया है। बीती रात की गोलीबारी से यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि माओवादी बड़ी संख्या में आए थे। पुलिस के वरिष्ठ अफसर कैंप को निकले हैं। पुलिस जल्द ही मुठभेड़ को लेकर मीडिया को जानकारी देगी।

# अजान से पहले और 15 मिनट बाद मस्जिद के पास नहीं चलेंगे भजन, महाराष्ट्र सरकार का फरमान

**मुंबई ( एजेंसी )।** लाउडस्पीकर विवाद के बीच नासिक प्रशासन ने बड़ा फैसला किया है। अब यहां लाउडस्पीकर पर हनुमान चालीसा या भजन बजाने के लिए अनुमति लेनी होगी। नासिक पुलिस कमिश्नर दीपक पांडे ने बताया कि अजान से पहले और बाद में 15 मिनट के भीतर इसकी अनुमति नहीं होगी। इतना ही नहीं मस्जिद के 100 मीटर के दायरे में हनुमान चालीसा बजाने की इजाजत नहीं होगी।

नासिक कमिश्नर ने कहा कि, इस आदेश का उद्देश्य कानून-व्यवस्था बनाए रखना है। उन्होंने बताया कि, सभी धार्मिक स्थलों को 3 मई तक लाउडस्पीकर के उपयोग की अनुमति लेने का निर्देश दिया गया है। 3 मई के बाद यदि कोई आदेश का उल्लंघन करता पाया जाता है तो उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## पूरे राज्य में लाउडस्पीकर पर अनुमति की तैयारी

महाराष्ट्र में लाउडस्पीकर विवाद के बीच गृह विभाग की ओर से बड़ा फैसला किया जा सकता है। अब राज्य में पुलिस की इजाजत के बाद ही धार्मिक स्थलों पर लाउडस्पीकर के उपयोग की अनुमति होगी। महाराष्ट्र के गृह मंत्री दिलीप वालसे पाटिल आज इस संबंध में डीजीपी व पुलिस कमिश्नरों के साथ भी बैठक करने वाले हैं। माना जा रहा है कि वह इस संबंध में दिशा निर्देश जारी करेंगे। इसके अलावा राज्य की कानून व्यवस्था व सार्वजनिक स्थानों पर लाउडस्पीकर के उपयोग पर वह मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के साथ भी बैठक करेंगे।



## ठाकरे ने दिया था अल्टीमेटम

दरअसल, महाराष्ट्र में लाउडस्पीकर विवाद इन दिनों छाया हुआ है। मनसे मस्जिदों से लाउडस्पीकर हटाने को लेकर लगातार प्रदर्शन कर रही है। बीते दिनों मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने शिवाजी पार्क में एक रैली को संबोधित करते हुए मस्जिदों से लाउडस्पीकर हटाने की मांग की थी। उन्होंने चेतावनी दी थी कि अगर तीन मई तक मुद्दे पर राज्य सरकार ने कार्रवाई नहीं की तो हम मस्जिदों के बाहर अपने लाउडस्पीकर लगाएंगे और पूरी आवाज में हनुमान चालीसा बजाएंगे। इसके बाद से राज्य में सांप्रदायिक तनाव की आशंका गहराती जा रही है।

## पीएफआई ने किया था प्रदर्शन

राज ठाकरे के बयान के बाद पीएफआई ने भी प्रदर्शन किया था। इस दौरान पीएफआई मुंब्रा अध्यक्ष अब्दुल मतीन शेखानी ने एक रैली को संबोधित करते हुए भड़काऊ भाषण दिया था। उन्होंने कहा था कि 'अगर आपने एक भी लाउडस्पीकर छुआ, तो पीएफआई सबसे आगे दिखेगी।' इस दौरान शेखानी ने राम नवमी जुलूसों के दौरान मध्यप्रदेश, राजस्थान और अन्य राज्यों में हुई हिंसा के खिलाफभी प्रदर्शन किया। उन्होंने दावा किया कि देश में मुसलमानों को दबाया जा रहा है और कहा कि कुछ लोग मुंब्रा का माहौल खराब करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, 'अगर आप हमको छेडेंगे तो हम आपको छोड़ेंगे नहीं।'

## फरार चल रहा है शेखानी


भड़काऊ भाषण के बाद मुंबई पुलिस ने शेखानी के खिलाफमामला दर्ज किया था। हालांकि, तभी से वह फरार चल रहा है। मुंबई पुलिस ने बताया कि मतीन शेखानी की गिरफ्तारी के लिए दो टीमें गठित की गई हैं, पुलिस उनकी लोकेशन पता लगाने की कोशिश कर रही है। यह मामला महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम की धारा 37(3) और आईपीसी की धारा 188 के तहत अवैध जनसभा आयोजित करने के लिए दर्ज किया गया था। यहां मतीन ने कथित तौर पर भड़काऊ भाषण दिया था।

# दूल्हे की कार लेकर घूमने निकले बाराती हादसे का शिकार 3 लोगों की मौत, शादी की खुशियां मातम में बदली

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर-चांपा जिले के मुलमुला थाना क्षेत्र में भीषण सड़क हादसा हो गया है। बारातियों से भरी कार अनियंत्रित होकर पलट गई है। हादसा इतना भयानक था कि मौके पर ही 3 लोगों की मौत हो गई, वहीं 3 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों को बिलासपुर के सिम्स में रेफर किया गया है। मृतकों में दूल्हे के दो सगे भाई भी शामिल है। हादसे के बाद दो परिवारों में शादी की खुशियां मातम में बदल गई।

मुलमुला पुलिस के मुताबिक बिलासपुर के मस्तुरी थाना इलाके के पचपेड़ी गांव से संतोष नायक के भाई की बारात रविवार को निकली थी। बारात जांजगीर जिले के झूलनपकरिया गांव आई थी। शादी का कार्यक्रम चल रहा था, तभी कुछ बाराती दूल्हे की कार



क्रमांक सीजी 10 एएक्स 3928 लेकर घूमने के लिए निकल गए। पुलिस ने बताया कि बाराती नशे में थे। कार की स्पीड अधिक थी, जिसके कारण चालक रविंद्र मधुकर का नियंत्रण खो गया।

## कार सवार 3 लोग गंभीर रूप से घायल

तेज रफ्तार कार पकरिया के जंगल के पास पलट गई। दुर्घटना के बाद अफरा-तफरी मच गई। राहगीर कार में बैठे लोगों को बचाने दौड़े। कार में सवार दूल्हे का भाई पचपेड़ी निवासी संतोष नायक, (31 वर्ष), परमेश्वर नायक (32 वर्ष) एवं उनके रिश्तेदार देवरडीह निवासी शिव नायक (30 वर्ष) की मौके पर मौत हो गई। वहीं बहोरन नायक, विक्की नायक एवं रामरतन गंभीर रूप से घायल हो गए। मुलमुला पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## तेज रफ्तार कार सड़क पर 3 पलटी मारी

पुलिस ने बताया कि तेज रफ्तार कार रोड पर अनियंत्रित होकर 3 बार पलटी मारी। दुर्घटना में 3 लोगों की मौके पर ही जान चली गई। वहीं 3 लोग घायल हुए हैं। हादसे के बाद मौजूद लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल भिजवाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद तीनों घायलों को बिलासपुर रेफर किया गया है। मृतकों के शवों को पामगढ़ के अस्पताल में पीएम के लिए भेजा गया। इस हादसे के बाद शादी वाले दोनों घरों में मातम पसर गया।




## संपादकीय

# दिल का इलाज

हृदय रोग के इलाज की दिशा में एक बड़ी कामयाबी के संकेत स्वागतयोग्य हैं। वैज्ञानिकों ने पता लगाया है कि हृदय रोग के उपचार में उसी आनुवंशिक ट्रैकिंग तकनीक का उपयोग किया जा सकता है, जिसका उपयोग कुछकोविड-19 के टीके विकसित करने के लिए किया गया है। सहज शब्दों में कहें, तो इस चिकित्सकीय तकनीक के माध्यम हृदय घात या कार्डियक अरेस्ट से क्षतिग्रस्त हुए दिल को ठीक करने में मदद मिल सकती है। किंग्स कॉलेज लंदन के वैज्ञानिकों ने एमआरएनए का अध्ययन कर पता लगाया है कि आनुवंशिक कोड स्वस्थ हृदय कोशिकाओं को बनाने के लिए प्रोटीन उत्पन्न करते हैं। फाइजर और मोदेरना इत्यादि कोविड टीके इसी चिकित्सकीय तकनीक का उपयोग करके विकसित किए गए हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस अभूतपूर्व खोज से दिल के दौरे का इलाज हो सकेगा। प्रमुख शोधकर्ता प्रोफेसर मौरो गियाका के मुताबिक, 'हम सभी अपने दिल में मांसपेशियों की कोशिकाओं की एक निश्चित संख्या के साथ पैदा होते हैं और वे बिल्कुल वही हैं, जिनके साथ हम मरेंगे।' उन्होंने बताया कि दिल के दौरे के बाद दिल में खुद को ठीक करने की स्वत: क्षमता नहीं होती है।

> अंगों को स्वाभाविक रूप से विकसित करने में स्टेम सेल विज्ञान को कामयाब होने में वर्षों लगेंगे। लेकिन इंग्लैंड के वैज्ञानिकों को जो ताजा सफलता मिली है, उसी पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है। आने वाले समय में दिल की नई दवा आएगी या दिल का कोई टीका आएगा। वैज्ञानिकों केअनुसार, हमें हृदय देखभाल क्षेत्र में नई क्रांति का इंतजार करना चाहिए।

लेकिन अब एक ऐसे उपचार की खोज संभव है, जिसके तहत जीवित कोशिकाओं को बढ़ाने के लिए तैयार किया जा सकता है। दिल का दौरा दिल की मांसपेशियों पर कहर ढाता है, जिससे करीब 100 अरब कोशिकाएं मर जाती हैं। ऐसे में, जिन चंद जीवित कोशिकाओं की वजह से मरीज की जान बचती है, उन कोशिकाओं को ही अगर मजबूती व विस्तार मिले, तो इससे बेहतर और क्या हो सकता है?

इसमें कोई शक नहीं है कि दिल के दौरे की वजह से क्षतिग्रस्त हुए दिल के अंश को पुनर्जीवित करना एक पुराना सपना रहा है, फिलहाल यह सपना साकार नहीं होने जा रहा है। अभी मोटे तौर पर इस बात पर वैज्ञानिक सहमत हैं कि इस तकनीक से नई कोशिकाएं मृत कोशिकाओं की जगह ले लेंगी और दिल का दौरा फिर नहीं पड़ेगा। इसके अलावा यह भी खुशखबरी है कि गियाका की शोध टीम, जो किंग्स कॉलेज लंदन के ब्रिटिश हार्ट फाउंडेशन सेंटर फॉर रिसर्च एक्सीलेंस में स्थित है, दिल का दौरा पड़ने के बाद कोशिकाओं को मरने से रोकने के लिए एक दवा पर भी काम कर रही है। यह दरअसल दिलों को फिर से बनाने की दिशा में चल रहा वैज्ञानिक कार्य है। ध्यान रहे, दुनिया में 32 प्रतिशत मौतें दिल के जवाब देने की वजह से होती हैं, जिनमें से करीब 85 प्रतिशत मौतें दिल के दौरे से होती हैं। दुनिया में हर साल 17 करोड़ से ज्यादा लोग हृदय रोग के शिकार होते हैं, इनमें ऐसे लोगों की बड़ी संख्या होती है, जो महंगे इलाज से वंचित हैं। गरीब और निम्न आय वर्ग के लोगों के लिए हृदय रोग बहुत ही घातक स्वरूप में सामने आता है। ऐसे लोगों को अगर किसी भी तरह की सर्जरी से बचाया जा सके, तो यह एक बड़ी सफलता होगी। स्टेम सेल विज्ञान से भी उम्मीदें रही हैं, लेकिन इस दिशा में ज्यादा तेजी देखने में नहीं आ रही है। अंगों को स्वाभाविक रूप से विकसित करने में स्टेम सेल विज्ञान को कामयाब होने में वर्षों लगेंगे। लेकिन इंग्लैंड के वैज्ञानिकों को जो ताजा सफलता मिली है, उसी पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है। आने वाले समय में दिल की नई दवा आएगी या दिल का कोई टीका आएगा। वैज्ञानिकों केअनुसार, हमें हृदय देखभाल क्षेत्र में नई क्रांति का इंतजार करना चाहिए।

## देशी पॉपुलर वोट का मॉडल

वैसे तो इसे पॉलिटिक्स ऑफ गवर्नेंस बताया जा रहा है लेकिन असल में यह लोकलुभावन राजनीति का ही एक स्वरूप है, जिसके ऊपर गवर्नेंस का मुलम्मा चढ़ा है। दक्षिण भारत से इसकी शुरुआत हुई थी, जहां पार्टियों ने मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए लोक लुभावन वादे शुरू किए थे। चुनाव घोषणापत्र में ऐसी चीजों को शामिल किया गया, जिनके बारे में पहले सोचा भी नहीं गया था कि कोई पार्टी लोगों को ऐसी चीजें देने का वादा कर सकती है। जैसे एक पार्टी ने मिक्सर-ग्राइंडर देने का वादा किया तो दूसरी पार्टी ने वाशिंग मशीन देने का वादा किया। पहले माना जाता था कि ये घरेलू जरूरत की चीजें खरीदना हर व्यक्ति का निजी काम है और सरकार का काम उसे इस लायक बनाना है कि वह अपनी जरूरत की चीजें खुद खरीद सके। यह राजनीति का सबसे अच्छा मॉडल होता है। शासन का भी सबसे अच्छा मॉडल यहीं होता है कि सरकारें लोगों को सक्षम बनाएं, उन्हें रोजगार दें, आर्थिक रूप से मजबूत करें ताकि वे अपनी जरूरतों के लिए सरकार पर निर्भर न रहें। ऐसा होने पर नागरिक का जीवन सम्मान का होता है।

लेकिन दक्षिण भारत खास कर तमिलनाडु की पार्टियों ने इस मॉडल को राजनीति से बाहर कर दिया। वहां से चल कर यह मॉडल अब पूरे देश में पहुंचा है। इसके बावजूद अभी तक इस मॉडल के सबसे प्रभावी खिलाड़ी अरविंद केजरीवाल हैं, जिन्होंने दिल्ली में इसका सफल प्रयोग किया और उसके बाद पंजाब में इसी मॉडल के दम पर सफल हो गए। उन्होंने दिल्ली में बिजली और पानी मुफ्त देने का वादा करके चुनाव लड़ा था। चुनाव जीतने के बाद उन्होंने शर्तें लागू कर दी हैं। दिल्ली में कहा कि दो सौ यूनिट तक बिजली फ्री होगी और हर दिन सात सौ लीटर पानी फ्री मिलेगा। दिल्ली की करीब 80 फीसदी आबादी इस दायरे में आ गई। बाकी उच्च मध्य वर्ग और उच्च वर्ग, जो दो सौ यूनिट से ज्यादा बिजली और सात सौ लीटर से ज्यादा पानी इस्तेमाल करता है उसके ऊपर बिजली और पानी का बोझ बढ़ा दिया गया।

**-हरिशंकर व्यास**

> अब सवाल यह है कि अगर महंगाई के मोर्चे पर राहत देनी है, तो इनमें से किस खाते में खर्च पर कटौती की जाएगी? अभी गुजरात और हिमाचल में चुनाव आने हैं और उसके बाद तो देश लोकसभा चुनावों की तैयारी में व्यस्त हो जाएगा। ऐसे में, इस सवाल का जवाब कहां से मिलेगा? बस यही कह सकते हैं- बेखुदी बेसबब नहीं गालिब, कुछ तो है जिसकी परदादारी है।

# खुशखबरी के बावजूद राहत नहीं

आलोक जोशी, वरिष्ठ पत्रकार

सरकार की कमाई में जबर्दस्त उछाल आया है और अब वित्त मंत्रालय को लगता है कि 2025 तक भारत को 'फाइव ट्रिलियन डॉलर' यानी पांच लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का काम पटरी है। पर क्या इसके साथ यह उम्मीद भी की जा सकती है कि कमाई बढ़ने के बाद सरकार महंगाई से परेशान मध्यवर्ग को राहत देने के लिए कुछ करेगी? आयकर, कॉरपोरेट टैक्स, सीमा शुल्क और जीएसटी सभी की वसूली में खासी बढ़ोतरी के बाद यह सवाल उठना तो स्वाभाविक है। लेकिन वित्त मंत्रालय के अफसरों की भाव-भंगिमा और उनके बयानों में छिपे संकेतों से इसका जो जवाब मिलता है, वह खास उम्मीद बंधाने वाला नहीं लगता।

बीते हफ्ते जारी हुए आंकड़ों में सरकार ने ही बताया है कि टैक्स से जबर्दस्त कमाई हो रही है। सरकार को उम्मीद थी कि पिछले वित्त वर्ष 2021-22 में उसे टैक्स के रास्ते 22.17 लाख करोड़ रुपये की कमाई होगी। लेकिन अब खबर आई है, यह कमाई 27 लाख करोड़ रुपये से ऊपर निकल गई है। इस आमदनी में कॉरपोरेट टैक्स, यानी कंपनियों की कमाई पर लगने वाले इनकम टैक्स की हिस्सेदारी 8.6 लाख करोड़ रुपये की है। पिछले साल से 56 फीसदी ज्यादा। दूसरी तरफ, व्यक्तिगत आयकर की हिस्सेदारी में भी 43 प्रतिशत का उछाल आया है और यह 7.48 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। इस तरह प्रत्यक्ष कर की कमाई का जो संशोधित अनुमान 12.5 लाख करोड़ रुपये रखा गया था, असली कमाई उससे कहीं ऊपर 14.1 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गई है।

अप्रत्यक्ष करों की वसूली में बढ़ोतरी कुछ कम है, लेकिन यहां भी 20 फीसदी वृद्धि हुई है। जीएसटी के खाते में औसतन हर महीने 1.23 लाख करोड़ रुपये आए हैं, जबकि इसके पहले के दो वर्षों में यह रकम 1.01 लाख करोड़ रुपये और 94,734 करोड़ रुपये ही थी। आयात शुल्क में 48 फीसदी का उछाल आया है, जबकि एक्साइज की वसूली में मामूली गिरावट है।



कर वसूली में इस उछाल के साथ ही भारत का टैक्स-जीडीपी अनुपात भी बढ़ गया है। अब जीडीपी का 11.7 प्रतिशत हिस्सा टैक्स से आ रहा है। इसमें प्रत्यक्ष कर की हिस्सेदारी 6.1 प्रतिशत है और अप्रत्यक्ष कर या जीएसटी, कस्टम और एक्साइज की हिस्सेदारी 5.6 प्रतिशत। इसका दूसरा अर्थ यह हुआ कि अब अर्थव्यवस्था में कमाई और व्यापार के अनुपात में टैक्स भरने की प्रवृत्ति में सुधार हुआ है। सरकार इसके लिए टैक्स व्यवस्था में सुधार, पहले से भरे हुए टैक्स रिटर्न फॉर्म और एआईएस जैसी व्यवस्थाओं की प्रशंसा कर रही है, जिनके कारण कमाई छिपाना या कर चुराना काफी मुश्किल हो गया है। वित्त मंत्रालय का यह भी कहना है कि इनकम टैक्स रिटर्न्स के तेजी से निपटारे और जल्दी रिफंड जारी होने से भी करदाताओं का भरोसा बढ़ा है। मंत्रालय ने बताया कि 2.24 लाख करोड़ रुपये करदाताओं को लौटाए गए हैं।

इस हाथ ले और उस हाथ दे वाले इस उदाहरण के बाद यह सवाल भी उठता है कि इनकम टैक्स का रिफंड तो देना ही था, लेकिन पेट्रोल-डीजल पर एक्साइज के नाम पर जो वसूली चल रही है और उसकी वजह से जनता को जिस महंगाई की मार झेलनी पड़ रही है, उसको राहत देने के लिए सरकार क्या कर रही है? यह सवाल उठते ही सरकार और सरकार के पैरोकार बगलें झांकने लगते हैं। केंद्रीय राजस्व सचिव तरुण बजाज ने जिस वक्त टैक्स वसूली में उछाल के आंकड़े दिखाए और वसूली बढ़ने को अर्थव्यवस्था के पटरी पर आने का सुबूत बताया, वहीं कुछ ही देर के बाद उन्होंने यह भी बता डाला कि इतनी जबर्दस्त खुशखबरी के बावजूद अभी खुशी मनाने का वक्त नहीं आया है। उनका कहना है कि जून के बाद कुछ बेहतर अंदाज लगाया जा सकता है, क्योंकि तब एडवांस टैक्स की एक किस्त आ चुकी होगी। साथ ही सरकार की यह चिंता भी है कि आयकर और कॉरपोरेट टैक्स जैसे डायरेक्ट टैक्स की वसूली तो सुधर रही है, लेकिन अप्रत्यक्ष करों की वसूली ऐसे ही समान भाव से नहीं बढ़ती है। कभी-कभी एक-दो चीजों में ही ऐसा हेरफेर हो जाता है कि सारा गणित बिगड़ जाता है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण पेट्रोल-डीजल ही है। पिछले साल दिवाली के पहले नवंबर में सरकार ने पेट्रोल-डीजल की एक्साइज ड्यूटी में पांच और दस रुपये की कटौती की थी, और एक महीने के भीतर ही खाने के तेल की महंगाई को रोकने के लिए सरकार को उनकी इंपोर्ट ड्यूटी में पांच फीसदी की कटौती करनी पड़ी थी।

उसके बाद ही पांच राज्यों के चुनाव भी होने थे और इसी चक्कर में चार महीने से ज्यादा तक पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ने का सिलसिला भी रुका रहा। हालांकि, दोनों ही चीजों के दाम अब बाजार तय करता है, लेकिन चार बड़ी पेट्रोलियम कंपनियां भारत सरकार के नियंत्रण में हैं, इसलिए अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है कि दाम बढ़ाने या घटाने का फैसला कब व किसके कहने से होता है? इसका सुबूत भी है कि चुनाव खत्म होने के कुछ दिन बाद से एक रोज में 80 पैसे की रफ्तार से दाम बढ़ाए जाने लगे और लगभग दस रुपये लीटर तक बढ़ते रहे। यह दिखाता है कि सरकार को इस बात का पूरा अंदाजा है कि महंगाई का मसला किसी भी दिन उसके लिए मुसीबत खड़ी कर सकता है।

पेट्रोल-डीजल के दाम कम करने या महंगाई कम करने का एक रास्ता तो सरकार आजमाकर देख चुकी है। लेकिन यही हथियार बार-बार काम नहीं कर सकता, क्योंकि एक्साइज कटौती का बोझ केंद्र के साथ-साथ राज्य सरकारों को भी उठाना पड़ता है और ज्यादातर राज्यों की माली हालत पहले ही काफी खस्ता है। दूसरे, इस कमाई में कटौती से सरकारों पर अपने खर्च कम करने का दबाव भी बढ़ेगा। और इस वक्त न सिर्फ राज्य, बल्कि केंद्र सरकार भी ऐसी योजनाओं पर काफी खर्च कर रही है, जिन्हें लोक-कल्याणकारी कहा जाता है। अब सवाल यह है कि अगर महंगाई के मोर्चे पर राहत देनी है, तो इनमें से किस खाते में खर्च पर कटौती की जाएगी? अभी गुजरात और हिमाचल में चुनाव आने हैं और उसके बाद तो देश लोकसभा चुनावों की तैयारी में व्यस्त हो जाएगा। ऐसे में, इस सवाल का जवाब कहां से मिलेगा? बस यही कह सकते हैं- बेखुदी बेसबब नहीं गालिब, कुछ तो है जिसकी परदादारी है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# तो आमूलचूल बदल जाएगी सोशल मंचों की दुनिया

जसप्रीत बिंद्रा,तकनीक विशेषज्ञ

अमेरिकी अखबार न्यूयॉर्क टाइम्स में ट्विटर के बारे में यह खबर छपी थी, जब एक दशक पहले यह साइबर सोशल मंच चर्चा के केंद्र में था। इस प्लेटफॉर्म के भविष्य को लेकर खूब चर्चाएं हो रही थीं। ट्विटर तब भी दूसरों से अलग था। तब अधिकांश कंपनियां व्यवसाय पर ध्यान केंद्रित कर रही थीं। फेसबुक और गूगल जैसे विज्ञापन समर्थित सोशल मंचों की मदद से कंपनियां भी व्यापार विकास का सपना संजो रही थीं। तब ट्विटर के एक आविष्कारक ब्लेन कुक ने एक अलग दिशा में बढ़ने का प्रस्ताव दिया था। उन्होंने कहा था कि ट्विटर को महज एक मंच जैसा बिल्कुल नहीं रहना चाहिए। कुक ने एक ऐसे ट्विटर का सपना देखा था, जो एक ऐसी केंद्रीय जगह हो, जो अपने उपयोगकर्ताओं को अन्य सोशल मंचों पर भी संदेशों का आदान-प्रदान करने की अनुमति दे। वह यह नहीं चाहते थे कि ट्विटर एक दायरे में आपसी संवाद का मंच भर रह जाए। कुक ने परंपरा से हटकर बात की थी। हालांकि, उनके क्रांतिकारी विचार का ट्विटर ने समर्थन नहीं किया और कुक अंतत: कंपनी छोड़ गए। ट्विटर चारदीवारी के अंदर एक बाग बनकर रह गया।

ट्विटर के संस्थापक जैक डोरसी को बाद में अपने फैसले पर पछतावा हुआ। उन्होंने इस तथ्य पर खेद व्यक्त किया कि चारदीवारी वाला बगीचा बनकर इंटरनेट ने अपना रास्ता खो दिया और बड़े कॉरपोरेट के हाथों में बंध गया है। साथ ही, एक विकेंद्रीकृत और लोकतांत्रिक साइबर संसार की मूल दृष्टि से दूर जा रहा है। जैक डोरसी ने ट्वीट किया, 'मुझे एहसास है, मैं आंशिक रूप से दोषी हूं और इसके लिए मुझे खेद है।'



इस बीच जैक डोरसी ने ट्विटर का नेतृत्व पराग अग्रवाल को सौंप दिया और ब्लूस्की नामक एक अन्य परियोजना शुरू की, जिसके तहत उपयोगकर्ताओं को अपने डाटा पर अधिक नियंत्रण देने का एक प्रयास है। इसके तहत सोशल मीडिया के लिए एक खुला प्रोटोकॉल बनाने की कोशिश है। मूल मकसद उपयोगकर्ताओं को डाटा, मुद्रीकरण और नियंत्रण की शक्ति देना है। मतलब आने वाले दिनों में सोशल प्लेटफॉर्म पर हम एक अलग ही राजस्व मॉडल देखेंगे।

इस बीच, एलन मस्क को भी कुछ ऐसे ही विचार आ रहे थे और उन्होंने अपने विचारों को अपने आठ करोड़ से अधिक फॉलोवर के साथ साझा करना शुरू कर दिया। उन्होंने हाल ही में एक ट्वीट किया है, 'ट्विटर एल्गोरिद्म खुला स्रोत होना चाहिए।' उन्होंने अपने फॉलोवर से इस पर मतदान के लिए भी कहा। दिलचस्प यह कि जैक डोरसी ने भी 'हां' के पक्ष में मतदान किया।

वैसे एलन मस्क प्रौद्योगिकी के केंद्रीकरण के खिलाफ बोलते ही रहे हैं। वह पूरी दुनिया के साथ कृत्रिम बुद्धिमत्ता अनुसंधान और सफलताओं को साझा करने के पक्ष में रहे हैं। खैर, बदलाव की चर्चा तब और तेज हुई, जब एलन मस्क मिलने के लिए पराग अग्रवाल के पास पहुंच गए। ट्विटर में अपनी 9.2 प्रतिशत हिस्सेदारी की घोषणा की, हालांकि, उन्होंने निदेशक मंडल में शामिल होने से इनकार कर दिया। अब उन्होंने घोषणा की है कि वह ट्विटर को 100 प्रतिशत खरीदना चाहते हैं।


यह बात छिपी नहीं है कि एलन मस्क जिस चीज को छूते हैं, उसे हिला देने के लिए जाने जाते हैं, चाहे ऊर्जा का क्षेत्र हो या अंतरिक्ष या क्रिप्टो का। उनकी सलाह पर जब ट्विटर पर संपादन का बटन आएगा, तब ट्विटर वैसे ही बहुत बदल जाएगा। एकाधिकार और बिचौलियों को खत्म होना है। इंटरनेट या सोशल मीडिया पर विश्वास का मुद्दा अभी सुलझा नहीं है। आज इसके उपयोगकर्ताओं को इनका पहला लाभार्थी नहीं कहा जा सकता। बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियां अधिक शक्तिशाली हो गई हैं; वे हमारे सभी डाटा की मालिक हैं। ऐसे में, एलन मस्क की कोशिश असामान्य और क्रांतिकारी है। अब एक ऐसा मंच होगा, जिस पर उपयोगकर्ता को पूरा हक होगा। वह अपने स्वयं के नियम बना सकेगा। अभी तो कंपनियां तय करती हैं कि कौन-सी पोस्ट बनी रह सकती है और क्या हटाया जाना चाहिए। ऐसे ही बदलाव की चर्चा जैक डोरसी कुछ समय से करते आ रहे हैं।

विकेंद्रीकृत वेब एक खुली ताकत की तरह है। बहुत ज्यादा बदलाव साहस का काम है, लेकिन आमूलचूल पारदर्शिता आती है, तो बहुत अच्छा है। हालांकि, बिना सेंसर खुली अभिव्यक्ति बहुत परेशान करने वाली भी साबित हो सकती है। फर्जी समाचारों और साजिशों के चलते वैश्विक हो-हल्ले के हालात भी बन सकते हैं। ऐसे खुले सोशल मंच का व्यवसाय मॉडल भी अभी अप्रमाणित है, और ऐसी आशंका भी है कि उपयोगकर्ताओं को ट्विटर के उपयोग के लिए भुगतान करना पड़ सकता है। हालांकि, अगर इससे कोई बचा सकता है, तो वह हैं एलन मस्क।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

## श्रीमती अंजली जैन की कलम से...





क्यों प्यार कर रिझाया
हमको, नजरों से
अपनेपन का एहसास
दिलाया हमको, थे
अजनबी फिर भी तुमने
दिल में क्यों सजाया
हमको?३

**-अंजली जैन**
**7024460938**

# मानव अधिकार का बखेड़ा

अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकेन की मानव अधिकार संबंधी टिप्पणी पर दोनों भारतीय मंत्रियों ने कुछ नहीं कहा। बाद में एस जयशंकर ने एक भारतीय अखबार से यह जरूर कहा कि अमेरिका की भारत में मानव अधिकारों की स्थिति पर नजर है, तो हमारी भी अमेरिका में मानव अधिकारों की मौजूदा हालत पर निगाह है।

लंबे समय अमेरिका के विदेश मंत्री के मुंह से भारत में मानव अधिकारों के कथित उल्लंघन की चर्चा सुनने को मिली। मौका दोनों देशों के बीच 2+2 बैठक के बाद साझा प्रेस कांफ्रेंस का था। प्रेस कांफ्रेंस में विदेश मंत्री एस जयशंकर और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी मौजूद थे। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकेन की मानव अधिकार संबंधी टिप्पणी पर उन दोनों ने कुछ नहीं कहा। बाद में एस जयशंकर ने एक भारतीय अखबार से बातचीत में यह जरूर कहा कि अगर अमेरिका की भारत में मानव अधिकारों की स्थिति पर नजर है, तो हमारी भी अमेरिका में मानव अधिकारों की मौजूदा हालत पर निगाह है। लेकिन इस बयान को भारतवासी श्रोतावर्ग को ध्यान में रख कर दिया गया ही समझा जाएगा। ब्लिंकेन के बयान के एक दिन बाद अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने दुनिया भर में मानव अधिकारों की स्थिति पर अपनी विस्तृत रिपोर्ट जारी की। उसमें भारत में मानव अधिकारों की भयावह स्थिति का जिक्र हुआ। उस पर भी भारत सरकार की प्रतिक्रिया अधिकतर देश के अंदर अपने समर्थकों को तुष्ट करने के लिए ही है। जबकि इसी मुद्दे पर चीन ने एक वैश्विक बहस खड़ी कर दी है।

जिस रोज अमेरिका ने मानव अधिकारों को लेकर अपनी रिपोर्ट जारी की, उसके अगले दिन चीन ने अमेरिका में मानव अधिकारों की हालत पर एक विशेष रिपोर्ट जारी की। उसके पहले यूरोपीय संघ के साथ शिखर वार्ता में जब ये मुद्दा ईयू की तरफ से उठाया गया, तब चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने इस प्रश्न पर उपनिवेशवादी अत्याचारों का जिक्र करते हुए खुद यूरोप को कठघरे में कड़ा करने की चाल चल दी। ब्रिटिश पत्रिका द इकॉनमिस्ट ने अपनी एक रिपोर्ट में बताया है कि उस शिखर बैठक के बाद यूरोपीय राजधानियों में ये चर्चा शुरू हो गई है कि मानव अधिकारों के मसले पर चीन को घेरने की रणनीति पर पुनर्विचार की जरूरत है। सार यह है कि मानव अधिकार को विदेश नीति के मकसद हासिल करने का हथियार बनाने का पश्चिम का तरीका अब कारगर साबित नहीं हो रहा है। यह बदलती हुई दुनिया का एक और संकेत है। लेकिन इस बदलती दुनिया में लगभग सभी देशों के सामने नए प्रकार की चुनौतियां पेश आ रही हैं। भारत के सामने असल सवाल है कि क्या हमारा नेतृत्व इन चुनौतियों के बरक्स अपना रास्ता तलाशने में सक्षम है?

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे
9827806026, 7869620239





























# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़







## खास खबर

### योग से होती है अंर्तआत्मा जागृत - पंकज यादव

**दुर्ग।** सेठ रतनचंद सुराना कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय दुर्ग में सप्ताहिक सेमिनार एम काम छठवा ग्रुप के चतुर्थ सेमेस्टर व द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थी ने आयोजित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक गण छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के रूप में समारल योगा एकेडमी के डायरेक्टर पंकज यादव जो सहा. प्राध्यापक योगा विभाग में पदस्थ थे ने अपनी उपस्थिति कायम की। विशेष अतिथि कालेज के प्राचार्य डॉ. जी.एन. करहरे उपस्थित रहे। श्री यादव ने बताया कि योगा से शारीरिक शक्ति ही नहीं मानसिक शक्ति में भी काफी ऊर्जा आती है। विद्यार्थी जीवन में ब्रम्हचार्य का पालन कर संकल्प शक्ति बढ़ती है, जिससे किसी भी कार्य में निर्णय लेना सरल हो जाता है। डॉ. जी.एन. करहरे ने बताया कि रोज सुबह योग करने से व सात्विक भाजन का आहार करने से उम्र में काफी बढ़ोत्तरी होती है। हनुमान जयंती के पावन पर्व की खुशी में महाविद्यालय के प्राचार्य ने महाविद्यालय परिसर में मिठाई बांटकर सभी को बधाई दी। कार्यक्रम का उद्देश्य यह था कि योगा से व्यक्तित्व विकास कैसे संभव हो, इसके बारे में व्याख्यान प्रस्तुत किए। पुरे कार्यक्रम का संचालन सहा. प्राध्यापक पवनदीप कौर के मार्गदशन में हुआ। छठवां ग्रुप के शालिनी, उत्कर्ष, आभा विकास, देवेन्द्र ,दक्षणा, अभिषेक आदि उपस्थित थे।

### बीएसपी के शिक्षा विभाग ने संयंत्र कर्मियों के प्रतिभावान बच्चों का किया सम्मान

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के शिक्षा विभाग द्वारा संयंत्र कर्मियों के प्रतिभावान बच्चों का सम्मान समारोह भिलाई निवास के बहुउद्देश्यीय सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में भिलाई इस्पात संयंत्र के डायरेक्टर इंचार्ज अनिर्बान दासगुप्ता उपस्थित हुए। इस समारोह में संयंत्र के संयंत्र के कार्यपालक निदेषक (माइन्स एवं रावघाट), मानस बिस्वास, कार्यपालक निदेषक (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ) डॉ एस के इस्सर, कार्यपालक निदेषक (कार्मिक एवं प्रषासन), के के सिंह तथा कार्यपालक निदेषक (वर्क्स) अंजनी कुमार विषेष रूप से उपस्थित थे। मुख्य अतिथि अनिर्बान दासगुप्ता ने अपने उद्बोधन में भिलाई के प्रतिभावान बच्चों की प्रशंसा की तथा उन्हें इसके लिए धन्यवाद दिया कि वे अपनी प्रतिभा का लोहा विश्व के कोने-कोने में मनवा रहे हैं। मुख्य अतिथि ने बच्चों के माता-पिता एवं उनके गुरुजनों की भी प्रशंसा की जिन्होंने इन हीरों को तराशकर इस योग्य बनाये हैं। बच्चों में आत्मविश्वास जगाना चाहिए जिससे की वे अपना निर्णय खुद ले सके. दूसरों को देख कर अपने करियर का चुनाव न करें बल्कि अपने अभिरुचि के अनुरूप अपनी शिक्षा का चयन करें। कार्यपालक निदेशक (पी एंड ए) के के सिंह ने अपने स्वागत भाषण में भिलाई के मेधावी बच्चों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इन बच्चों ने भिलाई की परम्परा का बखूबी पालन किया है और अपनी प्रतिभा के दम पर भिलाई का नाम पूरे विश्व में रोशन कर रहे हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर -10 के विद्यार्थियों ने स्वागत गान प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि श्री अनिर्बान दासगुप्ता ने प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रावीण्यता प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जबकि सम्मान राशि डिजिटल माध्यम से उनके बैंक खातों में भेज दिए जायेंगे। यह सम्मान विभिन्न 6 वर्गों में कुल 55 विद्यार्थियों को सत्र 2019-20 एवं सत्र 2020-21 के लिये दिया गया।

# राज्य सरकार आदिवासी समाज के उत्थान के लिए संकल्पित : भूपेश बघेल

श्रीकंचनपथ न्यूज

### मुख्यमंत्री बघेल अखिल भारतीय गोंड समाज महाधिवेशन में शामिल हुए

### कचना धुरवा गोंडवाना समाज भवन के लिए 1 करोड़ 7 लाख रुपये की घोषणा

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज गरियाबंद जिले के छुरा विकासखंड के ग्राम बोडराबांधा में आयोजित अखिल भारतीय गोंड समाज के महाधिवेशन में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।




केन्द्रीय समिति बिंद्रानवागढ़ अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में आदिम जाति कल्याण मंत्री डॉ. प्रेम साय सिंह टेकाम, संसदीय सचिव एवं आदिवासी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिशुपाल सोरी, संसदीय सचिव इन्द्रशाह मंडावी, अंतागढ़ विधायक अनूप नाग, राजिम विधायक अमितेष शुक्ल, पूर्व विधायक ओंकार शाह एवं समाज के प्रमुख पदाधिकारी एवं बडी संख्या में समाज के प्रतिनिधि मौजूद थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने आदिवासी समाज के देवी देवताओं की पूजा अर्चना कर समाज की खुशहाली की कामना की।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने महाधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा है कि राज्य सरकार आदिवासी समाज के विकास और उनके हितों के सरंक्षण के लिए दृढ़ संकल्पित है। इसके लिए अनेक योजनाएं लागू की गई हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने समर्थन मूल्य पर खरीदी जाने वाली लघु वनोपजों की संख्या 7 से बढ़ाकर 65 कर दी है। अब कोदो, कुटकी, रागी की समर्थन मूल्य पर खरीदी की जा रही है। उन्होंने समाज के लोगों से आव्हान किया कि समर्थन मूल्य से कम में महुआ या कोई भी लघु वनोपज नहीं बेचें। श्री बघेल ने कहा कि जिले में तीन स्थानों पर फूड पार्क स्थापित किया जा रहा है। इससे वैल्यू एडिशन होगा, रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और लोगों की आय में वृद्धि होगी।

उन्होंने कहा कि 1 मई को राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना प्रारंभ की गई है, जिसके तहत भूमिहीन मजदूरों को प्रतिवर्ष 7 हजार रुपये दी आर्थिक सहायता दी जाएगी। इस योजना में दो किश्तों का भुगतान किया जा चुका है। गोधन न्याय योजना के तहत अब गोबर से पेंट और बिजली बनाने का कार्य किया जाएगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि गरियाबंद जिले में 21 हजार आदिवासियों को वन अधिकार पत्र दिया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की योजनाओं का यह उद्देश्य है कि लोगों के जेब में पैसा आये और वे समृद्ध बने। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पेसा कानून के ड्राफ्ट का अध्ययन कर रही है। इस कानून के लागू होने से गैर आदिवासी समाज को चिंता करने की आवश्यकता नही है। उन्होंने समाज की मांग पर कचना धुर्वा गोंडवाना समाज भवन के लिए एक करोड़ सात लाख रूपए की स्वीकृति की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री ने स्थानीय स्तर की समस्याओं के निराकरण के लिए कलेक्टर को निर्देशित किया। वहीं राज्य स्तर की निराकरण की जाने वाली समस्याओं से संबंधित प्रस्ताव राज्य शासन को भेजने के निर्देश दिए। राजिम विधायक अमितेष शुक्ल ने कहा कि किसी भी क्षेत्र में सड़क,बिजली और सिंचाई सुविधाओं के विकास से हर समाज का विकास सुनिश्चित होता है। इसी ध्येय को लेकर मुख्यमंत्री श्री बघेल विकास को गति दे रहे हैं। उन्होंने अमात गोंड समाज भवन के लिए 10 लाख रुपये देने की घोषणा की।

# विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल ने हनुमान जन्मोत्सव पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दल्लीराजहरा।** महा चालीसा पाठ में प्रमुख रूप से सांसद प्रतिनिधि विक्रम ध्रुव,नगर संघ चालक राजेंद्र राठी, विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष बलराम गुप्ता,व्यापारी संघ के राजू सोनी जी ,राजू कुकरेजा बॉबी छतवाल मौजूद रहे। विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के द्वारा 16 अप्रैल हनुमान जन्मोत्सव पर दल्ली राजहरा शहर में कार्यक्रम आयोजित किया गया व गुप्ता चौक स्थित हनुमान मंदिर में हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया । इस शोभायात्रा को शहर के व्यापारी वर्ग सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं का सहयोग मिला व गुप्ता चौक हनुमान मंदिर में हनुमान पाठ करवाने में व्यापारियों द्वारा पूरा सहयोग दिया गया ।

चिखलाकसा चौक में बजरंगबली के मंदिर से पूजा पश्चात बजरंगबली जी की शोभायात्रा प्रारंभ हुई । शोभा यात्रा प्रारंभ होने से पहले बजरंगबली मंदिर में इस कार्यक्रम के अतिथि सांसद प्रतिनिधि विक्रम ध्रुवे ,बीएमएस के अध्यक्ष मदन मायती, युवा मोर्चा के अध्यक्ष संजीव सिंह, जीत अप्पू , किसान मोर्चा सदस्य मोनू चौधरी ,पार्षद प्रमिला पारकर ,मातृशक्ति संयोजिका जानकी यादव, नंदा पसीने ,पार्षद ममता नेताम के द्वारा पूजा अर्चना कर शोभा यात्रा प्रारंभ की गई । विहिप व बजरंग दल के इस आयोजन में शहरवासियों ने इस रैली में जगह जगह शरबत, लड्डू, आइसक्रीम ,कोल्डड्रिंक व पेयजल की व्यवस्था की गई थी

बस स्टैंड हनुमान मंदिर में फ्रूटी की व्यवस्था बॉबी छतवाल के नेतृत्व में तो अनिल प्रिंटिंग प्रेस के पास शरबत की व्यवस्था जैकी खंडेलवाल के नेतृत्व में की गई। वहीं चिखलाकसा सहारा मिल के पास कोल्ड ड्रिंक की व्यवस्था अमित मूंदड़ा विजय अग्रवाल विष्णु प्रताप सिंह के नेतृत्व में की गई । पेट्रोल पंप चिखलाकसा में आइसक्रीम की व्यवस्था इंदु के नेतृत्व में हुई। इस आयोजन में नगर संघ चालक राजेंद्र राठी, विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष सांसद प्रतिनिधि विक्रम ध्रुवे विहिप के जिला उपाध्यक्ष जसवंता नायक,, जिला सह सचिव गजेंद्र दास,अर्जुन राय, विक्की जायसवाल, विक्रम सोना,सुनील पारकर, विजय सिंग,बजरंग दल शहर संयोजक शशांक तिवारी,विजय कुशवाहा सहित विहिप व बजरंग दल के कार्यकर्ता भारी संख्या में उपस्थित थे।

# केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने 40वें हुनर हाट का उद्घाटन किया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**नई दिल्ली( पीआईबी )।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा मामले एवं खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने आज मुंबई में केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी की उपस्थिति में हुनर हाट के 40वें संस्करण का उद्घाटन किया। स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए एक विश्वसनीय मंच 'हुनर हाट' का 40 वां संस्करण 16 से 27 अप्रैल, 2022 तक मुंबई के बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स के एमएमआरडीए ग्राउंड पर आयोजित किया जा रहा है। 31 से अधिक राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के लगभग 1000 कारीगर और शिल्पकार इसमें भाग ले रहे हैं।



केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने अपने उद्घाटन भाषण में कहा कि हुनर हाट जैसी पहल से आत्मानिर्भर भारत को मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने कहा- हुनर हाट के इस 40वें संस्करण में 31 राज्यों से आए एक हजार से अधिक शिल्पकारों और कारीगरों ने 400 स्टॉल लगाए हैं।

मंत्री महोदय ने एक जिला एक उत्पाद के बारे में भी बताया, जिसके तहत प्रत्येक जिले को एक उत्पाद के लिए मान्यता दी जाती है।

उन्होंने कहा कि इस पहल ने न केवल लोगों को कमाई करने का मौका दिया, बल्कि गांव में अन्य लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी पैदा किए, वह भी उस समय जब दुनिया भर की अर्थव्यवस्थाएं महामारी से प्रभावित थीं। उन्होंने याद किया कि किस तरह भारत ने संकट के समय में प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के आह्वान की कैसी प्रतिक्रिया दी और कहा, भारत में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा हमने पीपीई किट, मास्क और यहां तक कि वेंटिलेटर का उत्पादन शुरू किया।

उन्होंने स्किल इंडिया को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री द्वारा उठाए गए कदमों पर प्रकाश डाला। कौशल का प्रशिक्षण दिया है ताकि आप नौकरी तलाशने वाले न बनें, बल्कि नौकरी देने वाले बनें। उन्होंने उल्लेख किया कि हमारी संस्कृति और शैक्षिक व्यवस्था ने पूर्व में श्रम के गौरव पर अधिक ध्यान केंद्रित नहीं किया मगर प्रधानमंत्री मोदी ने श्रम की गरिमा पर बहुत जोर दिया है।

उन्होंने सरकार द्वारा शुरू की गई तेजस योजना के बारे में भी जानकारी दी जिसके तहत भारत यूएई को कुशल जनशक्ति भेजेगा। उन्होंने बताया कि एक साल के भीतर, काम चाहने वाले 30,000 कुशल कारीगरों को संयुक्त अरब अमीरात भेजा जाएगा। ठाकुर ने मीडियाकर्मियों से भी 40वें हुनर हाट में लगाए गए विभिन्न स्टालों पर ध्यान देने का आग्रह किया, ताकि उनकी जानकारी जनता तक पहुंचे और उनके उत्पादों को सही पहचान मिले।

अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय की एक पहल हुनर हाट के बारे में बोलते हुए केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि मुंबई के हुनर हाट में एक भारत श्रेष्ठ भारत देखने और विविधता में एकता के सार का अनुभव करने का मौका मिलेगा।

# जन समर्पण सेवा संस्था का मानव एवं गौ सेवा के लिए सम्मान किया गया

**दुर्ग।** श्री राम भक्त हनुमान जी के जन्मोत्सव के अवसर पर हिन्दू युवा मंच, दुर्ग द्वारा आयोजित विशाल शोभायात्रा के पूर्व सम्मान समारोह में शहर में मानव सेवा एवं गौ सेवा पर उत्कृष्ट कार्य करने हेतु जन समर्पण सेवा संस्था, दुर्ग का सम्मान किया गया। दिनांक 17 अप्रैल रविवार को हिन्दू युवा मंच, दुर्ग द्वारा शहर में विशाल शोभायात्रा निकाली गयी, शोभायात्रा के पूर्व शहीद चौक, दुर्ग में सभी समाज एवं शहर में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रमुख संस्थाओं का सम्मान किया गया, जिसमें जन समर्पण सेवा संस्था, दुर्ग को विगत 5 वर्ष 5 माह से बिना रुके मानव सेवा एवं गौ सेवा के कार्य के लिए सम्मानित किया गया।

### विकासखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन 22 तक

**राजनांदगांव।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के मागदर्शन में आजादी का अमृत महोत्सव अंतर्गत 18 अप्रैल से 22 अप्रैल तक विकासखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जायेगा। स्वास्थ्य मेला में विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा। जिसमें डिजिटल स्वास्थ्य आईडी का निर्माण, गैर संचारी रोगों की जांच एवं उपचार मधुमेह उच्च रक्तचाप मुख कैंसर की स्क्रीनिंग, आयुष्मान भारत कार्ड जारी करना, लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक और स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान करना, टेलीकंसल्टेशन और रिफरल की सुविधा का उपयोग करना, योग ध्यान जैसी स्वास्थ्य गतिविधियां, हेल्थ एवं वैलनेस सेंटर में योगा के माध्यम से आमजन को स्वस्थ रहने के बारे में सिखाया भी जायेगा। सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हेल्थ वैलनेस सेंटर तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 18 से 22 तक कार्यक्रम आयोजन किया जाएगा। डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य बीमा योजना और आयुष्मान भारत के तहत आयुष्मान कार्ड के उपयोग की जानकारी दी जाएगी।






















## खास खबर

### कस्टम मिलिंग के लिए अब तक 97.75 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव

**रायपुर।** राज्य में कस्टम मिलिंग के लिए 16 अप्रैल तक 97.75 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव हो चुका है। राज्य सरकार द्वारा केन्द्रीय पूल में चावल जमा कराने के मामले में भी तेजी से काम किया जा रहा है। अब तक केन्द्रीय पूल में 36.89 लाख मीट्रिक टन चावल जमा कराया जा चुका है, जिसमें भारतीय खाद्य निगम में 19.57 लाख मीट्रिक टन और नागरिक आपूर्ति निगम में 17.31 लाख मीट्रिक टन चावल शामिल है।

खाद्य सचिव टोपेश्वर वर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर इस वर्ष धान खरीदी के साथ ही उठाव एवं कस्टम मिलिंग का काम तेजी शुरू कर दिया गया था। राज्य में अब तक डीओ और टीओ के माध्यम से 97.75 लाख मीट्रिक टन धान का रिकार्ड उठाव हो चुका है। श्री वर्मा ने बताया कि 75 लाख 08 हजार मीट्रिक टन धान का डीओ जारी कर दिया गया है। उपार्जन केन्द्रों से मिलर्स द्वारा 74 लाख 85 हजार मीट्रिक धान का उठाव कर लिया गया है। इसी प्रकार 23 लाख 9 हजार मीट्रिक टन धान के परिवहन के लिए टी.ओ. जारी किया गया है, जिसके विरूद्ध समितियों से 22 लाख 91 हजार मीट्रिक टन धान का उठाव हो चुका है। इस साल केन्द्रीय पूल में 61.65 लाख मीट्रिक टन अरवा चावल जमा कराया जाना है।

उल्लेखनीय है कि खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 में पंजीकृत 21 लाख 77 हजार किसानों से समर्थन मूल्य पर लगभग 98 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है। धान खरीदी की एवज में किसानों को बैंक लिंकिंग व्यवस्था के तहत लगभग 20 हजार करोड़ रूपए का भुगतान किया गया है। गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष प्रदेश के 1 लाख 24 हजार अर्थात् 6 प्रतिशत अधिक किसानों द्वारा समर्थन मूल्य पर धान विक्रय किया गया।

### रायपुर की कवयित्री डॉ. नंदिनी को नेपाल में मिला एशियन अवार्ड 2022

**रायपुर ( ए )।** रायपुर की कवयित्री डॉ. नंदिनी तिवारी ने नेपाल के काठमांडू में 'साउथ एशियन अवार्ड एंड कल्चरल समिट-2022 में हिस्सा लिया। इस आयोजन में नारी शक्ति व देश प्रेम से जुड़े कविताओं की प्रस्तुति दीं। इस बीच उन्हें साउथ एशियन अवार्ड-2022 से भी सम्मानित किया गया। नंदिनी ने बताया कि कार्यक्रम में भारत, नेपाल, श्रीलंका, भूटान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान व पाकिस्तान देशों के साहित्यकारों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के अतिथि पूर्व प्रधानमंत्री माधव कुमार नेपाल, नेपाल में बांग्लादेश के राजदूत सलाहुद्दीन नोमान चौधरी, डा. दिनेश उपाध्याय, पद्मश्री डा. विजय कुमार साह, नेपाल के फार्मर डिप्युटी प्राइम मिनिस्टर विदेश मंत्रालय सुजाता कोईराला, चंद्रकुमार घोष, संस्कृति पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन मंत्री प्रेम बहादुर आले समेत अन्य मौजूद थे। नंदिनी ने बताया कि उन्होंने कई राज्यों से साहित्यिक प्रस्तुति दीं हैं। इस दौरान उन्हें सम्मान से भी नवाजा गया है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ की ब्यूटी विथ ब्रेन अवार्ड से समान्नित होने के साथ ही 8 देशों की उपस्थिति में साहित्य क्षेत्र में अपनी प्रस्तुति देते हुए छत्तीसगढ़ राज्य के साथ ही भारत देश का नाम भी रोशन किया।

# सांस्कृतिक धरोहरों को सहेजने का कार्य सबसे अहमः मुख्यमंत्री बघेल

### कर्मा जयंती समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री

### मुख्यमंत्री द्वारा कुम्हारी में साहू समाज की सामुदायिक भवन के लिए 50 लाख रूपए की घोषणा

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** अपने सांस्कृतिक मूल्य और सांस्कृतिक धरोहरों को सहेजने के साथ ही आर्थिक विकास का रास्ता हमने चुना, हमने अपने तीज त्योहारों परंपराओं को सहेजने की दिशा में कार्य किया। इसी क्रम में भक्त माता कर्मा की जयंती पर भी अवकाश आरंभ किया इस अवकाश की मांग सामाजिक जनों ने नहीं की थी लेकिन हमें महसूस हुआ कि भक्त माता कर्मा के भक्तों के लिए यह बहुत अच्छा कार्य होगा। यह संदेश मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दुर्ग जिले के ग्राम परसदा में साहू समाज के कार्यक्रम के अवसर पर दिया। इस अवसर पर उन्होंने आदर्श विवाह के नव दंपति को भी आशीर्वाद दिया। मुख्यमंत्री ने कुम्हारी में साहू समाज के सामुदायिक भवन के लिए 50 लाख रुपये की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सांस्कृतिक परंपराओं को सहेजने के साथ आर्थिक विकास का रास्ता भी हमने अपनाया है। उन्होंने कहा कि हमारी सांस्कृतिक मान्यताएं कृषि प्रधान अर्थव्यवस्था से संबंधित है और इन्हें बढ़ावा देकर हम कृषि अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहरी विकास के लिए भी तेजी से योजनाएं शासन ने आरंभ की है। कुम्हारी क्षेत्र में नगरपालिका के वार्डों के लिए 24 करोड़ रुपये के विकास कार्य किये जा रहे हैं। इसके साथ ही कुम्हारी क्षेत्र में स्कूलों का जीर्णोद्धार भी होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजिम में साहू समाज के द्वारा बड़ा आयोजन किया जाता है ऐसे ही आयोजनों को ध्यान में रखते हुए हमने 55 एकड़ जगह क्षेत्र के विकास के लिए निर्धारित किया। यहां मंगल भवन बनाया जाएगा सामुदायिक भवन बनाया जाएगा तथा क्षेत्र का विकास इस तरह से किया जाएगा ताकि सामाजिक जनों को सामाजिक कार्यक्रम करने में किसी तरह की दिक्कत ना आए।

विधायक श्री धनेंद्र साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा सामाजिक जनों को बढ़ावा दिए जाने के लिए जिस तरह से पहल की जाती रही है उससे सामाजिक जनों का उत्साह बढ़ा है। उन्होंने कहा कि सामाजिक एकजुटता के माध्यम से ही देश का विकास संभव है। इस मौके पर श्री दीपक ताराचंद साहू ने भी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि एकजुटता से ही समाज का विकास संभव है समाज द्वारा सकारात्मक गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है जिससे सामाजिक जनों को तो लाभ होगा ही, प्रदेश का विकास भी तेजी से होगा। इस मौके पर कुम्हारी नगर पालिका के अध्यक्ष श्री राजेश्वर सोनकर ने भी मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर साहू समाज के पदाधिकारी गण एवं परसदा के ग्रामीण मौजूद थे।

# कोरोना के दो साल बाद ईस्टर पर्व पर चर्चों में उमड़ा हुजूम शांति के लिए मांगी दुआ



**रायपुर।** राजधानी में आज प्रभु यीशु के पुनरुत्थान पर्व ईस्टर पर गहमा-गहमी रही। कोरोना की वजह से दो साल बाद आज ईस्टर मनाने का मौका मिला तो चर्चों और कबरस्थानो में लोगों का हुजूम उमड़ा।

लोगों ने प्रभु वाटिका पहुंचकर पुरखों की समाधि पर पुषांजलि दी। कैंडल प्रज्वलित कर उनकी आत्मा की शांति के लिए दुआ मांगी। सेंट पॉल कैथेड्रल की प्रभु वाटिका में महापौर ने सौंदर्यकरण का लोकार्पण किया।

जोधपुर के पास्टर जितेंद्र नाथ ने पुनरुत्थान पर्व की सार्थकता और महत्व पर प्रवचन दिया। पादरी अजय मार्टिन ने आराधना का संचालन किया और बच्चों का समर्पण और नामकरण संस्कार संपन्न कराए। दान की दुआ खुशमणि दास ने की। डिकन मार्कुस केजू, डिकन अब्राहम दास, डिकन इस्माइल मसीह और डिकन के. खूंटे भी विशेष आराधना में शामिल हुए। चर्च कमेटी, सन्डे स्कूल, महिला सभा और युवा सभा के पदाधिकारी और सदस्य भी शामिल हुए। खड़वा में डिकन एमआर पतारस ने स्तर और सुन राइज की आराधना की। ग्रेस चर्च, सेंट मैथ्यूज चर्च, सेंट जेकब चर्च जौरा, सेंट जोसेफ महागिरजा घर, सेंट आदि चर्च में भी ईस्टर मनाया।

प्रवक्ता जॉन राजेश पॉल ने बताया की बिलीवार्स चर्च, मेनोनाइट चर्च, सेंट मैरी ऑर्थोडॉक्स सीरियन चर्च, मार्थोमा चर्च, कैपिटल पास्टर फेलोशिप, पास्टर एंड लीडर्स एसोसिएशन, यूनाइटेड पास्टर फेलोशिप और जीसस कॉल्स आदि से संबद्ध चर्चों में भी पुनरुत्थान पर्व मनाया गया। पास्टोरेट यूथ फ़ैलोशिप, सेंट पॉल्स कथीड्रल के तत्वेधान में ईस्टर मिलन समारोह और आनंद मेला का आयोजन किया गया।

### मंत्री डॉ. डहरिया ने चिखली में तीन करोड़ के विकास कार्यों की सौगात दी

# सामूहिक विवाह और मां कर्मा जयंती समारोह में हुए शामिल

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** नगरीय प्रशासन विकास एवं श्रम मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया आरंग विकासखण्ड के ग्राम चिखली में करीब तीन करोड़ के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। डॉ. डहरिया चिखली में साहू समाज के सामूहिक विवाह कार्य और मां कर्मा जयंती समारो में शामिल हुए। उन्होंने नवदम्पतियों को शुभकामनाएं दी। डॉ. डहरिया ने चिखली में 6 लाख 50 हजार रूपए की लागत से बनने वाले निषाद समाज के सामुदायिक भवन, 10 लाख 50 हजार रूपए की लागत के उप स्वास्थ्य केन्द्र, 7 लाख 63 हजार की लागत के हाई स्कूल भवन के अतिरिक्त कक्ष, 4 लाख 71 हजार की लागत के नवीन प्राथमिक शाला के अतिरिक्त कक्ष, एक करोड़ 61 लाख 25 हजार की लागत जल आवर्धन और जल प्रदाय योजना तथा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के करीब एक करोड़ 34 लाख 4 हजार रूपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए डॉ. डहरिया ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में जनसरोकार के सभी आवश्यक कार्य कराए जा रहे हैं। आम लोगों पर केन्द्रित शासन की कल्याणकारी योजनाओं से लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है। गांव और शहरों में लोगों की सुविधा के लिए सभी जरूरी विकास कार्य किए जा रहे हैं। इस अवसर पर विधायक एवं संसदीय सचिव सुश्री शकुंतला साहू, जनपद अध्यक्ष आरंग खिलेश देवांगन, केसरी मोहन साहू, कोमल साहू, शिव कुमार साहू, संदीप साहू सहित साहू समाज के अनेक पदाधिकारी एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री करेंगे राष्ट्रीय जनजातीय साहित्य महोत्सव का शुभारंभ

### तीन दिवसीय आयोजन राजधानी रायपुर में 19 अप्रैल से

### देशभर के साहित्यकारों, विद्वानों, शोधार्थियों का समागम

### पुस्तक मेला, कला एवं चित्रकला और आदिवासी नृत्य का भी होगा आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** राजधानी रायपुर में राष्ट्रीय जनजातीय साहित्य महोत्सव का आयोजन 19 अप्रैल से किया जा रहा है। इस तीन दिवसीय महोत्सव में देश भर के जनजातीय साहित्यकार शामिल होंगे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 19 अप्रैल को राजधानी रायपुर के पंडित दीनदयाल ऑडीटोरियम में तीन दिवसीय राष्ट्रीय जनजातीय साहित्य महोत्सव का शुभारंभ करेंगे।

आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने मीडिया से चर्चा करते हुए बताया कि यह आयोजन देश भर में पारंपरिक एवं समकालीन साहित्य से परिचय तथा आधुनिक संदर्भ में उनके विकास की स्थिति ज्ञात करने के साथ ही छत्तीसगढ़ राज्य में जनजातीय साहित्य के क्षेत्र में कार्य कर रही शोधार्थियों, साहित्यकारों, रचनाकारों को मंच प्रदान कर जनजातीय साहित्य के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। राष्ट्रीय जनजातीय साहित्य महोत्सव के साथ-साथ राज्य स्तरीय कला एवं चित्रकला तथा आदिवासी नृत्य महोत्सव का आयोजन आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान के तत्वाधान में किया गया।

साहित्य महोत्सव में देश के विभिन्न राज्यों से जनजातीय विषयों पर लिखने वाले जनजातीय एवं अन्य स्थापित और विख्यात साहित्यकारों, रचनाकारों, विश्वविद्यालयों के अध्येताओं, शोधार्थियों, विषय-विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया है। अब तक 80 शोधपत्र प्राप्त हो चुके हैं। शोधार्थियों को कार्यक्रम में शोध पढ़ने के लिए आमंत्रण पत्र भेजा जा चुका है। वरिष्ठ साहित्यकारों और विद्वानों के साथ परिचर्चा के लिए देश के विभिन्न जनजातीय राज्यों और विश्वविद्यालयों से लगभग 28 प्रोफेसरों एवं साहित्यकारों की सहमति प्राप्त हो चुकी है। छत्तीसगढ़ राज्य के भी विद्वान जो महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों एवं जनजातीय क्षेत्र में है, उनको भी आमंत्रित किया गया है। शोधपत्रों के सारंश को पुस्तक के स्वरूप में प्रकाशित किए जाने की भी तैयारी है।

राष्ट्रीय जनजातीय साहित्य सम्मेलन परिचर्चा में झारखंड, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, मेघालय, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, मध्यप्रदेश, अरूणाचल प्रदेश, कर्नाटक से विद्वान एवं प्रतिष्ठित साहित्यकार भाग लेंगे। इसके साथ ही तीन पद्मश्री सम्मान प्राप्त लोक संस्कृति के संरक्षण एवं विकास से संबंधित पद्मश्री दम्यन्ती बेसरा, ओडिया पद्मश्री हलधर नाग ओडिसा, पद्मश्री साकी नेती रामचन्द्रा (कोया जनजाति) तेलंगाना उद्घाटन समारोह में विशेष रूप से शामिल होंगे। समारोह में विशेष रूप से छत्तीसगढ़ के स्थापित तथा नवोदित साहित्यकारों को प्रोत्साहन के पृथक से 21 अप्रैल को प्रथम एवं द्वितीय सत्र में 74 रचनाकारों को आमंत्रित किया गया है। इसमें पारंपरिक जनश्रुतियों पर आधारित कथा, कहानियां, काव्य इत्यादि पर वाचित परंपरा की शैली पर चर्चा होगी। साथ ही छत्तीसगढ़ के इस वाचित परंपरा के साहित्य के संरक्षण के समाधान पर भी चर्चा की जाएगी।

डॉ. टेकाम ने बताया कि समारोह के प्रथम दिवस 19 अप्रैल को महोत्सव के उद्घाटन कार्यक्रम में देशभर से आए और छत्तीसगढ़ के स्थानीय साहित्यकारों से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल प्रत्यक्ष भेंटकर परिचय प्राप्त करेंगे।

# रायपुर की पुरानी बस्ती में लोकवाणी को उत्साह से सुना गया

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मासिक रेडियो वार्ता लोकवाणी के प्रसारण में इस बार ''नवा छत्तीसगढ़ नवा बजट'' को पुरानी बस्ती रायपुर के लोगों ने उत्साह के साथ सुना। लोकवाणी की 28वीं कड़ी में मुख्यमंत्री बघेल ने बातचीत में बताया कि हमारा बजट नए छत्तीसगढ़ के विकास की दिशा तय करने वाला है। छत्तीसगढ़ राज्य गठन के बाद अब तक का सबसे बड़ा बजट राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत किया गया है।

मुख्यमंत्री ने लोकवाणी में श्रोताओं द्वारा पूछी गयी जिज्ञासाओं का जवाब देते हुए छत्तीसगढ़ की मजबूत आर्थिक स्थिति की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या के अनुपात में बजट प्रावधान किया गया है, वहीं सामाजिक और आर्थिक क्षेत्रों का भी बराबर ध्यान रखा गया है। कृषि क्षेत्र को लेकर हमारी प्राथमिकता बहुत ही स्पष्ट है और इसके लिए बजट में पर्याप्त राशि की व्यवस्था की गई है।

लोकवाणी सुनकर कई श्रोताओं ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा पुरानी पेंशन बहाली से अधिकारी कर्मचारियों में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है। इसी प्रकार पीएससी और व्यापम की परीक्षा शुल्क माफी, जनप्रतिनिधियों का मानदेय और विकास निधि बढ़ाने की घोषणा पर मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। लोकवाणी श्रोता सचिन शर्मा, प्रीति मिश्रा, सरिता दाहव ने छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा इस वित्तीय वर्ष में बजट प्रावधानों को सभी वर्ग के लोगों के लिए हितैषी बताया। राजा महार, शैल यंक, मार्लक प्रजापति, अफताब, किशोर पंसारी, सत्यम शुक्ला सहित अन्य लोगों ने भी रेडियो मासिक वार्ता लोकवाणी को उत्साह के साथ सुना।



नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243



















# सामंथा ने शरीर पर गुदवाए थे तीन खास टैटू अब फैंस को दे रही हैं ऐसा न करने की सलाह

तेलुगू फिल्म इंडस्ट्री की नामचीन अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु अपने पति नागा चैतन्य से तलाक के बाद अभी उबर नहीं पाई हैं। सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहने वाली अभिनेत्री ने हाल ही में आस्क मी एनीथिंग सेशन चलाया। इस दौरान फैंस ने उनसे कई सवाल किए। कई फैंस ने उनसे शरीर पर बने टैटू के बारे में भी सवाल किया। इसका जवाब देते समय उन्होंने टैटू के संबंध में भी बात की। सामंथा इसको लेकर परेशान हैं और वह कहती हैं कि काश उन्होंने कभी टैटू न बनवाया होता।





वैसे तो लाखों लोग हर साल अपने शरीर की अलग-अलग जगहों पर खुशी से टैटू बनवाते हैं। इनमें वह कभी अपने पार्टनर का नाम या उससे जुड़ी कोई चीज शरीर पर गुदवाते हैं। बहुत से लोग टैटू बनवाने के बाद में पछताते भी हैं। सामंथा के साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ है। दरअसल सामंथा के शरीर पर तीन टैटू हैं। एक टैटू उन्होंने अपनी रिब्स पर गुदवाया है जिसमें Chay लिखा है। बता दें कि या नागा चैतन्य का निकनेम है। वहीं दूसरा टैटू उन्होंने बैक पर गुदवाया है जिसमें YMC लिखा है, यानी Ye Maaya Chesave। ये उनकी पहली फिल्म का नाम है। इस फिल्म में नागा चैतन्य ने भी मुख्य भूमिका निभाई थी।

सामंथा रुथ प्रभु ने तीसरा टैटू तीसरा टैटू कलाई पर गुदवाया है। इसमें एरो का निशान बना हुआ है। बिल्कुल ऐसा ही टैटू नागा चैतन्य ने भी अपनी कलाई पर गुदवा रखा है। चार साल की शादी के बाद पिछले साल सामंथा ने अपने पति से तलाक ले लिया है। ऐसे में अब उन्हें इस टैटू को लेकर बहुत पछतावा हो रहा है। उन्होंने फैन के सवाल के जवाब में एक वीडियो शेयर करते हुए कहा- अब कभी भी कोई भी टैटू नहीं बनवाना है।

हाल ही में सामंथा को साउथ की ब्लॉकबस्टर फिल्म पुष्पा में देखा गया था। उन्होंने इस फिल्म में एक स्पेशल आइटम नंबर 'ऊं अंटावा' किया था। इस गाने को लोगों ने काफी पसंद भी किया था। वह अक्सर अपनी बोल्ड और हॉट तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर करती रहती हैं। सामंथा को पिछले साल वेब सीरीज द फैमिली मैन 2 में भी देखा जा चुका है।

# आ गया सिनेमा का नया 'सुल्तान', पहले वीकएंड में ही जीत लिया सिंहासन

भारतीय सिनेमा के इतिहास में ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। हिंदी में डब फिल्मों के इतिहास में आगे ऐसा कब होगा, किसी को नहीं पता। लेकिन, चार साल पहले तक जिस कलाकार का लोग नाम तक नहीं जानते थे, उसकी बस दूसरी फिल्म ने हिंदी में डब होकर रिलीज होने के बाद पहले वीकएंड में सबसे ज्यादा कमाई करने का नया रिकॉर्ड बना दिया है। फिल्म 'केजीएफ चैप्टर 2' ने इस रिकॉर्ड के साथ ही देश में रिलीज हुई किसी कन्नड़ फिल्म के रिलीज के चार दिनों में ही 400 करोड़ रुपये से ऊपर की कुल कमाई करने का भी नया रिकॉर्ड बना डाला है। 'केजीएफ चैप्टर 2' हिंदी में रिलीज होकर पहले वीकएंड में सबसे ज्यादा कमाई करने का नया रिकॉर्ड बनाया और स्थान से फिल्म 'सुल्तान' को हटा दिया।



फिल्म 'केजीएफचैप्टर 2' की कमाई में शुक्रवार और शनिवार के मुकाबले रविवार को ठीक ठाक उछाल देखने को मिला और इसके साथ ही फिल्म ने हिंदी भाषी राज्यों में अपनी पकड़ और मजबूत कर ली है। फिल्म के हिंदी संस्करण के कलेक्शन की जो रफ्तार है उसे देखते हुए आने वाले शुक्रवार को रिलीज हो रही शाहिद कपूर की फिल्म 'जर्सी' और उसके बाद ईद पर रिलीज होने जा रही अजय देवगन की फिल्म 'रनवे 34' का भविष्य भी बहुत उज्जवल नहीं दिख रहा है। फिल्म 'केजीएफ चैप्टर 2' हिंदी ने रिलीज के चौथे ही दिन 195 करोड़ रुपये की नेट कमाई करके इस पोजीशन पर अब तक काबिज रही सलमान खान की फिल्म 'सुल्तान' की जगह ले ली है।

फिल्म 'केजीएफ चैप्टर 2' हिंदी ने रिलीज के पहले दिन यानी गुरुवार को 53.95 करोड़ रुपये, शुक्रवार को 46.79 करोड़ रुपये, शनिवार को 42.9 करोड़ रुपये और रविवार को करीब 51 करोड़ रुपये की कमाई शुरुआती आंकड़ों के हिसाब से की है। इस तरह से फिल्म के सिर्फहिंदी संस्करण की नेट कमाई अब तक 194.64 करोड़ रुपये हो चुकी है। देश में अब तक रिलीज किसी भी हिंदी फिल्म ने अपनी रिलीज के पहले सप्ताहांत में इतनी कमाई नहीं की है। इससे पहले ये रिकॉर्ड 2016 में रिलीज हुई सलमान खान की फिल्म 'सुल्तान' के पास था जिसने चार दिन के सप्ताहांत में ही 180.36 करोड़ रुपये की कमाई की थी। अब ये फिल्म दूसरे नंबर पर है।

पहले वीकएंड में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में अब 'वॉर' 166.25 करोड़ रुपये की कमाई के साथ तीसरे, 150.10 करोड़ की कमाई के साथ फिल्म 'भारत' चौथे और 129.77 करोड़ रुपये की कमाई के साथ फिल्म 'प्रेम रतन धन पायो' पांचवें स्थान पर है। हिंदी में डब फिल्मों में अब तक इन टॉप 5 फिल्मों में शामिल रही 'बाहुबली 2' हिंदी अब छठे नंबर पर खिसक गई है। पहले वीकएंड की कमाई के हिसाब से अगर फिल्म 'आरआरआर' की बात करें तो इसके हिंदी संस्करण की कमाई पहले हफ्ते में सिर्फ 75.57 करोड़ रुपये रही थी और ये फिल्म इस सूची में तलाशने पर 29वें नंबर पर मिलती है।

फिल्म 'केजीएफ चैप्टर 2' के सभी भाषाओं के कलेक्शन में भी रविवार का दिन फिल्म के लिए बीते दो दिनों से अच्छा गया। रिलीज के पहले तीन दिनों में 288.50 करोड़ रुपये का भारत में नेट कलेक्शन करने वाली इस फिल्म ने चौथे दिन करीब 92 करोड़ रुपये और कमाए हैं और अब फिल्म का चार दिन का यानी पहले वीकएंड का नेट कलेक्शन 382.50 करोड़ रुपये हो चुका है। फिल्म का कुल कलेक्शन (ग्रॉस) करीब 450 करोड़ रुपये के ऊपर है। फिल्म की चौथे दिन की कमाई में सबसे ज्यादा हिस्सा फिल्म के हिंदी संस्करण की कमाई का रहा है।

रविवार रात 10 बजे तक हासिल शुरुआती आंकड़ों के मुताबिक फिल्म 'केजीएफचैप्टर 2' ने रिलीज के चौथे दिन यानी पहले रविवार को हिंदी में करीब 51 करोड़ रुपये, कन्नड़ में 15 करोड़ रुपये, तेलुगू में 15 करोड़ रुपये, तमिल में 9.50 करोड़ रुपये और मलयालम में करीब 7.50 करोड़ रुपये कमाए हैं। फिल्म का पहले वीकएंड का नेट कलेक्शन 382.50 करोड़ रुपये हो चुका है।

# आमिर खान ने खून से लिखा था पहली पत्नी रीना दत्ता को लव लेटर, फिल्मी रही प्यार से तलाक तक की कहानी

बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। उन्होंने भारतीय सिनेमा को कई हिट फिल्में दी हैं, जिस वजह से वह हमेशा चर्चा का विषय बने रहते हैं। लेकिन आमिर खान की पर्सनल लाइफ भी काफी लाइमलाइट में रही है। अभिनेता ने दो शादियां कीं। उनकी पहली शादी रीना दत्ता से 18 अगस्त साल 1986 को हुई थी। एक समय था जब दोनों एक-दूसरे से बेइंतहा प्यार करते थे लेकिन दोनों तलाक लेकर अलग हो चुके हैं। अगर आज आमिर खान और रीना दत्ता साथ होते, तो दोनों अपनी 36वीं वेडिंग एनिवर्सरी एक साथ सेलिब्रेट कर रहे होते। आज हम आपको इस मौके पर आमिर खान और रीना दत्त की खूबसूरत लव स्टोरी के बारे में बताते हैं।



आसपास रहते थे आमिर खान और रीना दत्ता आमिर खान और रीना दत्ता ने 80 के दशक में लव मैरिज की थी। उनकी लव लाइफ भी काफी मजेदार रही। कहा जाता है कि आमिर खान और रीना दत्ता पड़ोसी थे। दोनों का घर आसपास था और आमिर खान को रीना दत्ता से पहली नजर वाला प्यार हो गया था। जब आमिर ने रीना को पहली बार देखा था, तभी वह रीना पर दिल हार बैठे थे। आमिर ने रीना दत्ता से अपने प्यार का इजहार भी काफी अनोखे अंदाज में किया था। उन्होंने खून से एक लव लेटर लिखकर अपने प्यार का इजहार किया था। हालांकि, रीना आमिर की इस हरकत से भड़क गए थीं। लेकिन धीरे-धीरे रीना भी आमिर से प्यार करने लगीं। इसके बाद दोनों ने 18 अप्रैल 1986 को गुपचुप तरीके से शादी की थी।

## 16 साल में खत्म हुआ रिश्ता

आमिर खान और रीना दत्ता एक-दूसरे से बेहद प्यार करते थे। शादी के बाद दोनों इरा खान और जुनैद खान के माता-पिता बने। दोनों अपनी लाइफ में काफी खुश थे लेकिन समय के साथ दोनों का रिश्ता बिगड़ने लगा था। शादी के कुछ समय बाद आमिर खान की दूसरी अभिनेत्रियों के साथ लिंकअप की खबरें आई थीं, जिस वजह से आमिर और रीना के रिश्ते में तनाव शुरू हो गया। इस तनाव की वजह से ही आमिर और रीना की शादी तलाक तक पहुंच गई। दोनों साल 2002 में तलाक लेकर हमेशा-हमेशा के लिए अलग हो गए। हालांकि, आमिर और रीना तलाक के बाद भी मिलते हुए नजर आते हैं।

## आमिर खान की दूसरी शादी का भी हुआ अंत

रीना दत्ता से अलग होने के बाद आमिर खान की जिंदगी में किरण राव आईं। दोनों पहली बार फिल्म 'लगान' के सेट पर मिले थे। दोस्ती और प्यार के रिश्ते को निभाने के बाद आमिर और किरण ने साल 2005 में शादी कर ली। इसके बाद आमिर और किरण बॉलीवुड के चर्चित कपल बन गए थे लेकिन साल 2021 की शुरुआत में आमिर और किरण ने भी तलाक ले लिया। दोनों का एक बेटा आजाद हैं। तलाक के बाद भी आमिर और किरण साथ मिलकर इसकी परवरिश कर रहे हैं।

# सिंगर मिलिंद गाबा ने लिए प्रिया बेनीवाल संग सात फेरे, सोशल मीडिया पर वायरल हुई वेडिंग फोटोज

सिंगर मिलिंद गाबा अपनी लॉन्ग टाइम गर्लफ्रेंड प्रिया बेनीवाल के साथ शादी के बंधन में बंध गए हैं। दोनों ने शनिवार (16 अप्रैल) को अपने परिवार और करीबी दोस्तों की मौजूदगी में सात फेरे लिए। अब दोनों की शादी की कुछ फोटोज सोशल मीडिया पर काफी तेजी से वायरल हो रही हैं, जिसमें मिलिंद और प्रिया बेहद खूबसूरत लग रहे हैं। इन फोटोज में मिलिंद गोल्डन कलर की शेरवानी में नजर आए, वहीं प्रिया कढ़ाई वाले लहंगे में दिखीं। फैंस से लेकर सेलेब्स तक दोनों को बधाई दे रहे हैं।

मिलिंद और प्रिया की प्री-वेडिंग सेरेमनी इस हफ्ते की शुरुआत में शुरू हुई थी। दोनों की शादी में भूषण कुमार, मीका सिंह, गुरु रंधावा, सपना चौधरी, सुरेश रैना, प्रिंस नरूला और सुयश राय सहित कई सेलेब्स शामिल हुए।

# इंडियाज गॉट टैलेंट-9: दिव्यांश और मनुराज बने विनर, किरण खेर बोलीं- यह जोड़ी पहले दिन से आउटस्टैंडिग थी

इंडियाज गॉट टैलेंट सीजन 9 के विनर दिव्यांश और मनुराज बन गए हैं। इशिता फर्स्ट रनर अप रहीं। इस शो को रैपर बादशाह, मनोज मुंतशिर, किरण खेर और शिल्पा शेट्टी जज कर रहे थे। फिनाले में हीरोपंती 2 की स्टार कास्ट टाइगर श्रॉफ, तारा सुतारिया और नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ कई और सेलेब्स भी शामिल हुए। दिव्यांश और मनुराज की जोड़ी वेस्टर्न म्यूजिक और इंडियन क्लासिकल के फ्यूजन को परफॉर्म करती थी।



## इशिता नहीं जीत पाईं दर्शकों का दिल


इंडियाज गॉट टैलेंट सीजन 9 के फाइनल में द डिमोलिशन क्रू, स्टंट ग्रुप वॉरियर स्क्वॉड, बॉम्ब फायर क्रू, इशिता विश्वकर्मा, ऋषभ चतुर्वेदी ने जगह बनाई। इन सभी ने इस सीजन में जबरदस्त परफार्मेंस दी है। जबलपुर की इशिता को इस सीजन में जजेस ने छोटी लता नाम दिया। वहीं ग्रुप वॉरियर स्क्वॉड ने अपनी हर परफार्मेंस में स्टंट्स से ऑडियंस के साथ-साथ जजेस को भी हैरान कर दिया। 26 लोगों से मिलकर बना द डिमोलिशन क्रू सीजन का सबसे बड़ा ग्रुप रहा।

## किरण खेर और शिल्पा ने दी बधाई

शो के फिनाले के बाद जज किरण खेर ने कहा, यह जोड़ी पहले दिन से ही आउटस्टैंडिंग थी। मैं दिव्यांश और मनुराज के लिए बहुत खुश हूं। उनके सभी प्रयास सफल हुए और आज उन्हें इंडियाज गॉट टैलेंट के इस सीजन का विनर घोषित किया गया। मेरा आशीर्वाद हमेशा उनके साथ है और मैं उन्हें उनके भविष्य के शुभकामनाएं देती हूं। वहीं, शिल्पा शेट्टी ने कहा कि इस सीजन के विनर को ऑडियंस ने चुना है। दिव्यांश और मनुराज का टैलेंट इंटरनेशनल लेवल का है।

# केजीएफ चैप्टर 2: कंगना रनोट ने की यश के एक्टिंग की तारीफ, अमिताभ बच्चन से कम्पेयर करते हुए एक्टर को बताया 'एंग्री यंग मैन'

फिल्म 'केजीएफचैप्टर 2' के हीरो यश की कंगना रनोट ने तारीफकरते हुए अमिताभ बच्चन से कम्पेयर किया है। एक्ट्रेस ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म का पोस्टर शेयर कर कहा कि यश केजीएफमें 'द एंग्री यंग मैन' हैं, जो भारतीय सिनेमा ने पिछले कई सालों से नहीं देखा।



## कंगना ने की यश की तारीफ

कंगना ने यश की फिल्म को पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, "@thenameisyash वह एंग्री यंग मैन है जिसे भारत दशकों से मिस कर रहा था...यश ने उस जगह को भरा है, जो अमिताभ बच्चन ने 70 के दशक में छोड़ दी थी। वंडरफुल। अमिताभ ने 1970 और 1980 के दशक में डॉन, दीवार, शक्ति और अग्निपथ जैसी फिल्मों में काम करके 'एंग्री यंग मैन' का टाइटल अपने नाम किया था।

## साउथ सुपरस्टार्स का शेयर किया फोटो कोलाज

कंगना ने एक पिक्चर कोलाज भी शेयर किया, जिसमें यश के अलावा राम चरण, जुनियर एनटीआर और अल्लू अर्जुन की फोटोज हैं। कंगना ने इस स्टोरी पर लिखा, साउथ के सुपरस्टार्स अपने कल्चर से जुड़े हुए है। उनके टैलेंट और हार्ड वर्क के अलावा उनकी सत्यता ही ऑडियंस को अट्रैक्ट करती है।

## यश को पसंद नहीं रीमेक

इससे पहले, यश ने एक इंटरव्यू के दौरान, अमिताभ बच्चन की फिल्म के रीमेक को चुनने पर एक फैन के सवाल पर रिएक्शन दिया था। यश ने कहा था, पर्सनली मुझे रीमेक पसंद नहीं है और मिस्टर बच्चन के साथ तो इसे न छूना ही बेहतर है। फिल्मों में उनका काम क्लासिक हैं। मुझे नहीं लगता कि मैं उनके जैसा कुछ कर पाऊंगा।

## पहले दिन कमाए 134.50 करोड़

14 अप्रैल को रिलीज हुई केजीएफ चैप्टर 2 में संजय दत्त, रवीना टंडन, प्रकाश राज, मालविका अविनाश, जॉन कोकेन, और सारनी भी लीड रोल में हैं। फिल्म ने अपनी रिलीज के पहले दिन ही 134.50 करोड़ रुपए की कमाई की थी। फिल्म का डायरेक्शन प्रशांत नील ने किया है।

वहीं कंगना रनोट रजनीश घई की अपकमिंग फिल्म 'धाकड़' में नजर आएंगी। फिल्म में अर्जुन रामपाल और दिव्या दत्ता भी नजर आएंगे। ये फिल्म थिएटर में 20 मई को रिलीज होगी।

# आर माधवन के बेटे वेदांत ने रोशन किया देश का नाम, सिल्वर के बाद जीता गोल्ड

बॉलीवुड अभिनेता आर माधवन के बेटे वेदांत माधवन ने डेनिश ओपन 2022 में रजत पदक जीतने के बाद गोल्ड मेडल भी जीतकर देश का नाम रोशन कर दिया है। जानकारी के मुताबिक, वेदांत ने फ्री स्टाइल तैराकी 800 मीटर स्पर्धा में जीत हासिल की है। स्विमिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया ने ट्वीट कर बताया कि डेनिश ओपन में वेदांत के स्वर्ण पदक जीतने पर बधाई दी है, और आर माधवन ने भी ट्वीट कर बेटे की जीत की खुशी जाहिर की है।




## आर माधवन ने किया ट्वीट

उन्होंने ट्वीट कर लिखा, 'और इसलिए आज भी जीत का सिलसिला जारी है...वेदांत माधवन नो डेनमार्क ओपन में स्वर्ण पदक जीता प्रदीप सर (कोच) स्विमिंग फेडरेशन ऑफइंडिया आप सभी के निरंतर आशीर्वाद के लिए। आर माधवन ने अपने बेटे की तस्वीर शेयर भी की है, जिसमें उन्हें मेडल प्रदान किया गया है और वह अपने सह प्रतिभागियों के साथ नजर आ रहे हैं।

## अभिनेता ने ऐसे जाहिर की खुशी

आर माधवन ने अपने बेटे वेदांत की तस्वीर भी शेयर की है, जिसमें वह अपने हाथ में गोल्ड मेडल लिए दिखाई दे रहा है। अपने ट्विटर हैंडल से बेटे की तस्वीर साझा करते हुए लिखा, बधाई हो, यह गोल्ड है, इंडिया के लिए।

## यूजर्स ने दी बधाई

आर माधवन की पोस्ट पर यूजर्स वेदांत माधवन के गोल्ड जीतने की बधाई दे रहे हैं। जैसा पिता वैसा बेटा। क्या अभूतपूर्व उपलब्धि है! हम सभी को आप पर गर्व है वीरा राघवन। एक सोना सोना है सोना सोना है ......भारत विशेष रूप से तैराकी जैसे बहुत ही आला खेल में इस पल का इंतजार कर रहा है। करीब से फॉलो करूंगा..उसे और शक्ति। ब्लेसिंग। इसी तरह एक अन्य ने माधवन की पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए लिखा,बधाई हो वेदांत... ओलंपिक के लिए शुभकामनाएं... कड़ी मेहनत हमेशा रंग लाती है... और खुशी है कि आप अपनी पहचान बना रहे हैं और आपको प्रायोजित करने के लिए अपने पिता पर निर्भर नहीं हैं.. जो अधिक महत्वपूर्ण है और आपके माता-पिता को इस पर गर्व है।

कलश ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषण के निर्माता एवं विक्रेता
हमारे यहां उचित ब्याज पर गिरवी रखी जाती है।
देवांगन होटल के बाजू में, मुक्तिधाम रोड, रामनगर, भिलाई, जिला-दुर्ग
9074621825



भोलू मोबाईल रिपेयरिंग एवं साफ्टवेयर
सभी प्रकार के मोबाईल रिपेयरिंग किया जाता है



(All IC Work)
मो. - 87199 99358
9131918132
शॉप नं.-148, आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है



मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### संयंत्र का संचालन कोई भी करें, लेकिन मजदूरों को एनएमडीसी के अधीन रखा जाए - संगठन

**जगदलपुर।** नगरनार इस्पात संयंत्र में संयुक्त इस्पात मजदूर संगठन और स्टील श्रमिक यूनियन ने डीमर्जर के विरोध में आंदोलन की शुरुआत कर दी है, जिसमें उन्होंने एनएमडीसी के सामने एक ही मांग रखी है। मजदूर संगठनों का कहना है कि चाहे नगरनार इस्पात संयंत्र का संचालन कोई भी करे, लेकिन यहां काम कर रहे मजदूरों को एनएमडीसी के अधीन ही रखा जाए। संयुक्त इस्पात मजदूर संगठन और स्टील श्रमिक यूनियन द्वारा संयुक्त रूप से सुबह गेट मीटिंग कर प्रोजेक्ट मुख्यालय के सामने पहुंचकर रोजाना आधे घंटे नारेबाजी करते हुए अपना विरोध दर्ज कर रहे हैं। इसके साथ ही अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी कर रहे हैं। मजदूर संगठनों के पदाधिकारियों ने बताया कि भू-प्रभावित कर्मचारियों को एनएमडीसी के अधीन रखकर ही उनसे काम लिया जाए। किसानों और लोगों ने अपनी जमीनें प्लांट निर्माण के लिए एनएमडीसी को दी है, ऐसे में अब उनकी नौकरी को बरकरार रखने की जिम्मेदारी भी एनएमडीसी की है। मजदूर संगठनों के पदाधिकारी संतराम सेठिया, महेंद्र जॉन, प्रभुलाल बघेल व जितेंद्र नाथ ने बताया कि आने वाले दिनों में प्रबंधन के मामले को लेकर चर्चा की जाएगी, जिसके बाद भी अगर प्रबंधन ने मांग नहीं मानी तो आगे चलकर काम बंद हड़ताल भी किया जाएगा।

### रक्तदान है महादान, मानव सेवा का अनुकरणीय और महान कार्य - कलेक्टर

**कोरिया।** कोरिया जिले में आगामी 20 अप्रैल को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर विकासखंड बैकुंठपुर के मानस भवन में आयोजित होगा। कलेक्टर श्री कुलदीप शर्मा ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ रामेश्वर शर्मा को इस संबंध में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं का गुणवत्तापूर्ण विस्तार जिला प्रशासन की प्राथमिकता का कार्य है। कलेक्टर श्री शर्मा ने समस्त जिलेवासियों से रक्तदान कर मानव सेवा में सहयोग हेतु अपील की है। उन्होंने कहा कि स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में जरूर सहयोग करें जिससे जरूरतमंदों की मदद की जा सके। रक्तदान, किसी मरीज के लिए जीवनदान के समान हो सकता है। रक्तदान अवश्य करें। सीएमएचओ डॉ शर्मा ने भी जिले की जनता से रक्तदान शिविर में शामिल होकर रक्त दान करने की अपील की है। उन्होने बताया कि आगामी बुधवार यानी 20 अप्रैल को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस दिन मानस भवन में सुबह 9 बजे से शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

# भक्ति के क्षेत्र में माता कर्मा और माता शबरी हमारे प्रदेश की विभूतियांः मुख्यमंत्री

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। छत्तीसगढ़ में माता कर्मा तथा माता शबरी की भक्ति अतुलनीय रही है। छत्तीसगढ़ में जब भी भक्त माताओं की परंपरा ध्यान में आती है तो माता कर्मा और माता शबरी का ध्यान सबसे पहले आता है। माता शबरी ने शिवरीनारायण में जिस तरह भगवान श्री राम को झूठे बेर खिलाए। उसी तरह माता कर्मा ने भगवान श्री कृष्ण को प्रेम से खिचड़ी खिलाई।**



जिस तरह से भक्त माताओं ने अपने प्रेम से ईश्वर को भी अभिभूत कर लिया। उनके स्नेह के वश भगवान श्री राम और भगवान श्री कृष्ण उनके पास चले आए। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल आज दुर्ग जिले के पाटन विकासखण्ड के ग्राम तेलीगुण्डरा में आयोजित तहसील स्तरीय कर्मा जयंती समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने इस मौके पर कुष्ठ जागरूकता स्थल में महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण भी किया। इसके साथ ही उन्होंने स्वर्गीय श्री दाऊ रामचंद्र साहू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन भी अर्पित किए। उन्होंने कार्यक्रम में आदर्श विवाह करने वाले नवदम्पतियों को आशीर्वाद भी दिया। मुख्यमंत्री ने क्षेत्र के भामाशाह कहे जाने वाले स्वर्गीय दाऊ रामचंद्र साहू की स्मृति में रानीतराई महाविद्यालय का नाम करने की घोषणा भी की। इसके साथ ही उन्होंने तेलीगुण्डरा में हायर सेकेंडरी स्कूल के भवन निर्माण की घोषणा भी की। तेलीगुण्डरा के विकास के लिए विभिन्न मांगों पर उन्होंने 25 लाख रुपये की घोषणा भी की। इसके साथ ही उन्होंने तहसील साहू संघ द्वारा ग्रामीण क्षेत्र की विभिन्न मांगों के लिए भी 50 लाख रुपये की घोषणा भी की।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि भक्त माता कर्मा जयंती का आयोजन अब प्रदेश में व्यापक स्तर पर होने लगा है। इसके पीछे डॉ. मनराखन लाल साहू की अहम भूमिका है। इसके साथ ही जंजगिरी के वेदराम गुरु जी जिन्होंने कर्मा मां का भजन लिखा, उनका भी अहम योगदान है। इसके साथ ही स्वर्गीय ताराचंद साहू जी का स्मरण आता है उन्होंने भी ऐसे आयोजनों को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी संस्कृति हमारा गौरव है। हमारे तीज त्योहार हमारे मेले हमारे गौरव हैं राजिम में हमेशा से पुन्नी मेले का आयोजन होता था। इस मेले का नाम बदल दिया गया था। हमने प्रस्ताव पारित कर नाम पुन्नी मेले का नाम पुनः रखा। इससे परंपरा से जुड़े लोगों में गहरी खुशी हुई। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि साहू समाज पूरे प्रदेश में जन जागरूकता के लिए अच्छा कार्य कर रहा है। कोरोना काल में जिस तरह से सामाजिक जनों ने आगे आकर कार्य किया, वो अनुकरणीय है। गृह मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि साहू समाज संगठित होकर तेजी से सामाजिक जनों की जरूरतों को पूरा करने की दिशा में कार्य कर रहा है। समाज को सकारात्मक दिशा में आगे ले जाने में महत्वपूर्ण भागीदारी निभा रहा है। समाज के द्वारा नवाचार अपनाया जा रहा है और ऐसी कुरीतियों को त्याग किया जा रहा है जो समाज के हितों के अनुकूल नहीं है।

विधायक श्री धनेंद्र साहू ने कहा कि संगठन में बड़ी शक्ति होती है। साहू समाज सकारात्मकता के साथ अपने उद्देश्यों को पूरा करने की दिशा में कार्य कर रहा है। इससे समाज को और पूरे प्रदेश को लाभ हो रहा है। इस मौके पर जिला मंडी बोर्ड के अध्यक्ष श्री अश्विनी साहू ने कहा कि सामाजिक जनों की विभिन्न मांगों के लिए मुख्यमंत्री ने हमेशा से सकारात्मक निर्णय लिए हैं। इससे सबको लाभ मिला है जिससे सामाजिकजनो में काफी खुशी है।

# सवा तीन साल में छत्तीसगढ़ को मिली नई पहचान : भूपेश बघेल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कहा कि हमारे पुरखों ने जिस छत्तीसगढ़ का सपना देखा था, पिछले सवा तीन साल के दौरान हमने उन्हीं सपनों को साकार करने की दिशा में काम किया है। श्री बघेल ने कहा कि हम सब ने छत्तीसगढ़ महतारी का मान बढ़ाने और छत्तीसगढ़ को नयी पहचान दिलाने का संकल्प लिया था और मात्र सवा तीन साल में ही हम छत्तीसगढ़ को नयी पहचान दिलाने में कामयाब हुए हैं। सवा तीन साल पहले तक छत्तीसगढ़ को खदानों या फिर नक्सल उपद्रव के नाम पर जाना जाता था, आज छत्तीसगढ़ की चर्चा उसके गांवों की समृद्धि को लेकर होती है।**



मुख्यमंत्री श्री बघेल आज रायपुर जिले के ग्राम टीला में आयोजित छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज चंदखुरी राज के 76वें महाअधिवेशन को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्र के विकास के लिए अनेक सौगातें दी। मुख्यमंत्री ने मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के सामाजिक भवन के लिए 20 लाख रुपये की मंजूरी दी। उन्होंने टीला-हथखोज सड़क पर महानदी में उच्च स्तरीय पुल निर्माण की घोषणा करते हुए कहा कि इसके लिए प्राक्कलन तैयार कर इसे अगले बजट में शामिल किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि चंपारण को रामवन गमन पथ सर्किट में शामिल किया जायेगा। चंपारण के विकास के लिए योजना बनाई जाएगी। कौशल्या माता के जन्म की सही तिथि का पता लगाकर आने वाले समय में कौशल्या माता जन्म उत्सव मनाया जाएगा।

इस सामाजिक अधिवेशन में मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के केंद्रीय अध्यक्ष श्री चोवा राम वर्मा, विधायक अभनपुर श्री धनेंद्र साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष रायपुर श्रीमती डोमेश्वरी वर्मा, राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती किरणमयी नायक, मुख्यमंत्री के सलाहकार श्री विनोद वर्मा सहित बड़ी संख्या में मनवा कुर्मी समाज के लोग मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने अधिवेशन में सबसे पहले छत्रपति शिवाजी महाराज, सरदार वल्लभ भाई पटेल, स्वामी आत्मानंद महाराज, डॉ. खूबचंद बघेल सहित स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज का संगठन अब और ज्यादा मजबूत हो रहा है। सभी के प्रयास से सामाजिक जागरूकता बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि खेती किसानी, पढ़ाई-लिखाई, डॉक्टरी-इंजीनियरिंग से लेकर व्यापार या राजनीति हर क्षेत्र में समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी निभायी है, और अब छत्तीसगढ़ निर्माण से लेकर नवा छत्तीसगढ़ गढ़ने तक छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के लोग अग्रिम पंक्ति में सक्रिय होकर माटी की सेवा कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ के किसानों और गांवों को मजबूती देने के लिए सरकार ने जो योजनाएं बनाई हैं, आज पूरे देश में उसकी चर्चा हो रही है। सरकार ने किसानों और आदिवासियों की आय बढ़ाने के लिए गांव-गांव में फूड प्रोसेसिंग का काम शुरू किया है। सुराजी गांव योजना में 10 हजार 500 गौठान निर्माण की स्वीकृति हो चुकी हैं। इनमें से 8500 से ज्यादा गौठानों का निर्माण पूरा भी हो चुका है। जिसमें से साढ़े 6 हजार गौठान सक्रिय हैं।

# जल्द अस्तित्व में आएगा, सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिला : भूपेश बघेल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिला जल्द अस्तित्व में आएगा। इसके लिए जल्द ही ओएसडी की नियुक्ति की जाएगी। मुख्यमंत्री आज बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के बिलाईगढ़ विकासखंड के ग्राम सलौनीकला में आयोजित चंद्रनाहू (चंद्रा) विकास महासमिति के 76वाँ वार्षिक अधिवेशन को सम्बोधित कर रहे थे। श्री बघेल ने सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए ग्राम सलौनीकला में चंद्रा समाज के सामाजिक भवन के लिए 30 लाख रुपये की स्वीकृति की घोषणा की।**



साथ ही उन्होंने रायपुर के अमलीडीह में समाज के भवन हेतु कलेक्टर गाइडलाइंस दर के 10 प्रतिशत मूल्य पर जमीन उपलब्ध कराने की घोषणा की। उन्होंने क्षेत्र में सिंचाई सुविधा के विस्तार हेतु जोंक डायवर्सन अर्जुनी की ऊँचाई बढ़ाने हेतु विभागीय परीक्षण करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। कार्यक्रम में चंद्रनाहू समाज की महिलाओं द्वारा बनाए गए लगभग 100 किलोग्राम छत्तीसगढ़ी व्यंजन अईरसा रोटी से तौलकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के अन्नदाताओं की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए राज्य सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। जिसमें राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना प्रमुख है।

बच्चों को अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा प्रदान करने के लिए राज्य में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोले गए हैं। हमने इसकी सीटे भी बढ़ाई है। यह एक ऐसा सरकारी स्कूल है जिसमें अपने बच्चों को पढ़ाने के लिए अभिभावकों में उत्साह है। राज्य में गोधन योजना से रोजगार और आय के नए स्रोत प्रारंभ हुए हैं। जिसके पास पहले कोई रोजगार नहीं होता था। वे गोबर बेचकर लाभ कमा रहे हैं। इसी तरह सरकार गौठान योजना के माध्यम से गोधन की रक्षा कर रहा है। गौठान में वर्मी कंपोस्ट का निर्माण किया जा रहा है। गोधन न्याय योजना की पूरे देश में सराहना की जा रही है। गांव की परंपरा को पुनर्जीवित करने का काम सरकार द्वारा किया जा रहा है। योजनाओं को चलाने के लिए सभी की भागीदारी जरूरी है। उन्होंने पैरादान के लिए किसानों से आव्हान भी किया कि वह पराली को जलाए नही बल्कि गौठानो में दान करे।

# एनसीसी कैडेट्स ने नुक्कड़ नाटक कर दिया स्वच्छता का संदेश

**पखवाड़े भर चला अभियान, चौक-चौराहों व गली-मोहल्लों में लोगों को किया जागरूक**

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़।** 28 छत्तीसगढ़ बटालियन एनसीसी रायगढ़ के कर्नल विनय मल्होत्रा एवं लेफ्टिनेंट कर्नल संतोष रावत के कुशल निर्देशन एवं जिले के अग्रणी महाविद्यालय किरोड़ीमल शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय रायगढ़ के प्राचार्य डॉ. अंजनी तिवारी के मार्गदर्शन में लेफ्टिनेंट डॉक्टर शारदा घोघरे द्वारा एनसीसी के कैडेट्स के सहयोग से शहर के विभिन्न चौक-चौराहों एवं वार्डों में स्वच्छता का संदेश प्रसारित किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत 2 अप्रैल से शुरू की गई थी और यह कार्यक्रम लगातार 16 अप्रैल तक चलता रहा।

महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने नुक्कड़ नाटक कर लोगों में जागरूकता लाने का प्रयास किया। साथ ही विभिन्न स्थानों पर जाकर साफसफई की एवं रायगढ़ के लोगों को अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।

लोगों के साथ मिलकर उन्होंने स्वच्छता शपथ ली ताकि वे भी अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ और साफ सुथरा रखने के लिए प्रेरित हो सकें। गली, चौक चौराहे एवं विभिन्न वार्डों में नुक्कड़ नाटक की भी प्रस्तुति दी गई।

इस नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बताया गया कि हम सूखे और गीले कचरे को अलग-अलग डस्टबिन में डालें। यदि हम सूखे और गीले कचरे को अलग-अलग कचरे के डिब्बे में डालते हैं तो इससे उसका निपटारा आसान हो जाता है और इसका कई महत्वपूर्ण कार्यों में उपयोग किया जा सकता है।

जैसे घर से निकलने वाली सब्जियों के छिलकों का उपयोग जैविक खाद बनाने के लिए किया जा सकता है। इसके अलावा पेस्टिसाइड्स बनाने के लिए भी गीले कचरे का उपयोग किया जा सकता है। जिससे कि भूमि की उर्वरा क्षमता बनी रहे। उन्होंने रीयूज रिड्यूस रिसाइकल के महत्व को भी नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बताया।

स्वच्छता कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स सपना तिवारी, जया निर्मलकर, अनीशा पांडे ,आकाश गुप्ता ,विकास गुप्ता ,मुकुंद झा, केदार प्रधान, बबीता विश्वकर्मा, सृष्टि मिश्रा, मनीष, प्रेरणा , हरीश आदि कैडेट्स की विशेष भूमिका रही।

# छत्तीसगढ़ सिक्ख ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसियेशन व जेसीआई रायपुर मेडिको सिटी ने लगाया निःशुल्क चिकित्सा शिविर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। कोरोना महामारी में अपने लोगों को खोने के बाद लोगों में बढ़े अवसाद व तनाव के कारण उच्च रक्तचाप (हाई ब्लडप्रेशर) की समस्या बढ़ी है। कोरोना से पीड़ित रहे लोग अभी भी पूरी तरह से ठीक नहीं हो पाएं हैं। ऐसे लोगों के फेफड़े अभी भी कमजोर है। उन्हें योग, ध्यान और व्यायाम की जरूरत है। कुछ लोगों को अभी भी इलाज की जरूरत है।**

यह बातें उन विशेषज्ञ डाक्टरों ने बताई जिन्होंने आज गुरु अमरदास गुरुव्दारा परिसर देवपुरी में मरीजों की जांच की। शिविर में रायपुर ग्रामीण के विधायक सत्यनारायण शर्मा भी आए थे। उन्होंनें शिविर में अपनी आंखों और दांतों की जांच कराई। शर्मान ने शिविर में आए सभी डॉक्टरों से मुलाकात की और उनकी सेवा भावना की प्रशंसा की। इस अवसर पर एसोसियेशन के संयोजक जी.ए. बॉम्बरा, जीसीआई रायपुर मेडिको सिटी के डॉ. अर्पण चतुर्मोहता भी उपस्थित थे।

छत्तीसगढ़ सिक्ख ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसियेशन और जेसीआई रायपुर मेडिको सिटी के संयुक्त तत्वाधान में आज आयोजित इस शिविर में लगभग 200 मरीजों की जांच कर उन्हें परामर्श तथा दवाईयां दी गई। द्वाईयों में कैल्शियम, मल्टी विटामिन व आयरन की गोलियां भी दी गई। शिविर में आने वाले लोगों में लगभग 60 प्रतिशत पुरुषों और 40 प्रतिशत महिलाओं थी। निःशुल्क रुप से आयोजित इस एक दिवसीय चिकित्सा शिविर में 18 रोगों के 36 डॉक्टरों ने अपनी सेवाएं दी। जिनमें निजी प्रैक्टिस करने वालें और शासकीय डॉक्टर शामिल थे।

चिकित्सा शिविर में नेत्र रोग, ह्रदय रोग, बाल रोग, दंत रोग, छाती रोग, हड्डी रोग, नाक कान गला रोग, मूत्र रोग, कैंसर रोग, न्यूरो सर्जन, रेडियोलॉजी, स्त्री रोग विशेषज्ञ, नेफ्रोलॉजी, हिमेटोलॉजी, होमियोपैथिक, आयुर्वेदिक, स्ट्रेस मैनेजमेंट व फिजियोथैरपी के विशेषज्ञों ने देवपुरी और आसपाल के गांवों से आए मरीजों के सेहत की जांच की सलाह दी। इस अवसर पर मधुमेह हेतु खून की जांच तथा ब्लडप्रेशर भी नापा गया। शिविर में विशेषज्ञ डॉ. मनीष गुप्ता, डॉ. जितेन्द्र गुप्ता, डॉ. प्रिया सराफ डॉ. कुलदीप सिंह छाबड़ा, डॉ. सुजीत परिहार, डॉ. सुरभि चतुर्मोहता, डॉ. गौरव गुप्ता, डॉ. अनिल मुकर्जी, डॉ. राहुल आहुलवालिया, डॉ. विकास भोजसिया, डॉ. आनंद बंसल, डॉ. मुनमुन अग्रवाल, डॉ. प्रवेश चौधरी, डॉ. विकास गोयल, डॉ. राकेश सिंह, डॉ. रितु मुकर्जी, डॉ. केदार देवांगन, डॉ. प्रखर जैन, डॉ. अश्विनी देवांगन, डॉ. संतोष जेडिया, डॉ. जगदीश ओरेया, डॉ. निखिल मोतीरामानी, डॉ. के.के. साहू, डॉ. आशीष शर्मा, डॉ. पूर्वी अग्रवाल, डॉ. अविनाश गुप्ता, डॉ. संतोष भारव्दाज, डॉ. प्रियदर्शनी, डॉ. चंदन अग्रवाल, डॉ. आनंद शर्मा, डॉ. संध्या साहू, डॉ. भुनेश्वरी देवांगन, डॉ. लतिका देवांगन, डॉ. फरीद शेख व डॉ. युवराज साहू उपस्थित थे। देवपुरी गुरुव्दारा के गुरमीत सिंह सैनी, छत्तीसगढ़ सिक्ख ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसियेशन की ओर से जी.एस. बॉम्बरा, अवतार सिंह प्लाहा, कुलदीप सिंह छाबड़ा, आर.एस.आजमानी, टी.एस. जब्बल, डॉ. कुलदीप सिंह छाबड़ा, अमोलक सिंह, जगपाल सिंह, सी.एस. बाजवा, प्रिंसिपल बी.एस. छाबडा, जे.एस. खोखर, ए.एस. गिल, सुखबीर सिंह सिंघोत्रा, भूपिन्दर सिंह खालसा, तेजपाल सिंह हंसपाल उपस्थित थे।


YOGESH COMPUTER
Sales & Service
All Computer Peripherals & Repairing
Hardware
CCTV Camera
Networking
Software
Yogesh Sirame
Mo-9893342971
7748064280
Azad Chowk, Muktidham Road
Ramnagar, Supela, Bhilai
Email : sirameyogesh@gmail.com

CAR DECOR
House Of Exclusive
Seat Cover,
Car Stereos Matting &
Sun Control Film &
Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower.
Opp. Indian Coffee House,
Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

GREEN COMPUTER
Sales, Services, Repairs
Laptop Repairing
Printer
Desktop
7/2, Dakshin Gangotri,
Supela, Bhilai
0788-4083385

Y Fitness
• Gym Servicing
• Gym Equipment & Accessories Available
• Home Treadmill & Gym Service Available
start 17500/-
Bajaj Finance Available
Shop No. 10, 14, Block, Street No.-7
Dakshin gangotri, Supela, Bhilai
Chhattisgarh
Facebook id - Protein Planet Bhilai
9098981555

मथुरावासी चाट सेंटर
शादी एवं पार्टियों के आर्डर लिए जाते हैं।
9893283525
जैन पान ठेला के सामने आकाश गंगा सुपेला

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles,
CPVC Pipes &
Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

ॐ SAIRAM
Mobile Accessories
कवर ही कवर
I-PHone,Samsung, MI,
Oppo, Vivo, Nokia, HTC,
Blue tooth Charger,
Power Bank, Ear Phone,
BT. Speakar
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES
FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden)
Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट,
फ्राक, फैंसी सलवार सूट
एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स,
गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok
JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics
Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh
Jewellers,
Akash Ganga,
Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास-खबर

### बाइक से चार किलो गांजा कर रहा था तस्करी, पुलिस ने पकड़ा

**महासमुंद (ए)।** मोटर साइकिल में गांजा तस्करी करते हुए नीलकमल चौहान को बसना पुलिस ने बंसुला चौक के पास रविवार को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी युवक को जेल भेज दिया है। पुलिस ने इसके कब्जे से 4 किलो गांजा बरामद किया है, जिसकी कीमत 80 हजार रुपए है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त बाइक 30 हजार, नगदी रकम 1400, एक मोबाइल 5000 जब्त किया है। आरोपी युवक जिला बलौदाबाजार का निवासी है। बता दें कि कोमाखान पुलिस ने भी सरकारी नीलामी गाड़ी बलौदाबाजार के दो युवकों को तस्करी करते हुए एक दिन पूर्व ही पकड़ा था। थाना प्रभारी लेखराम ठाकुर ने बताया कि मुखबिर सुचना मिला कि एक व्यक्ति ओडिशा पदमपुर की ओर से बसना की ओर बाइक क्रमांक सीजी 04 एमपी 4841 में अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा बिक्री के लिए परिवहन कर रहा है। सूचना मिलते ही टीम ने बंसुला चौक पर घेराबंदी कर उसे रोका और उसके पास रखे थैले की तलाशी ली। इस दौरान टीम को 4 किलो गांजा किला। इसके बाद पुलिस ने नीलकमल चौहान को हिरासत में लिया।

### युवक पर पत्थर से जानलेवा हमला

**रायपुर (ए)।** राजधानी में पुराने विवाद को लेकर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। मामला खमतराई थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक रंजिश को लेकर युवक ने पत्थर से जानलेवा हमला कर दिया। जिससे प्रार्थी गोविंद साहू के सिर में चोट आई है। उसने पुलिस को बताया कि वे मनोरंजन भवन के पास रावांभाठा में खड़ा था। उसी समय वहीं के रहने वाला सुनील पाल वहां पर आया और पुराने विवाद की बात को लेकर उसने गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। इतना ही नहीं, उसने पत्थर से हमला कर दिया। इस हमले में गोविंद के माथे पर चोट आई है।

### शराब तस्करः महुआ शराब बना रहा युवक हुआ गिरफ्तार

**महासमुंद (ए)।** बागबाहरा चंडी डोंगरी के पास ग्राम हरनादादर निवासी रोहित बघे पिता भोलाराम बघेल (30) के कब्जे से पुलिस ने 12 लीटर 500 एमएल देशी महुआ शराब कीमती 2500 रुपए, एक नग गैस की सिलेण्डर, एक नग लोहे का चूल्हा, दो नग जर्मन की गंजी जब्त की गई। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। बता दें कि टीम को मुखबिर से सूचना मिला कि आरोपी महुआ शराब बना रहा है, जिस पर टीम बागबाहरा के चंडी डोंगरी पहुंची और घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार किया और शराब बनाने में प्रयुक्त सामग्री को जब्त किया।


### पुलिस के नवनिर्मित 96 आवास का किया आवंटन, पुलिस परिवारों को राहत

**बिलासपुर (ए)।** जिले में पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों के लिए निलयम आवास परिसर में तिफरा में नव निर्मित जी-टाइप 96 आवास का निर्माण किया गया है। एसएसपी पारूल माथुर के निर्देश पर पुलिसकर्मियों को बांटा गया। एसएसपी माथुर की अध्यक्षता में लाटरी माध्यम से वितरण किया गया। इसके लिए समिति का गठन भी किया गया था। ग्रामीण एसएसपी रोहित कुमार झा, सीएसपी सिविल लाइन मंजू लता केरकेट्टा, आरआइ घनेंद्र ध्रुव व थाना प्रभारी एसी-1 शाखा जिला पुलिस कार्यालय समिति में शामिल हैं। बिलासागुड़ी में अधिकारी कर्मचारी या उनके परिवार के सदस्य को लाटरी पद्धति से पर्चा निकालकर आवास वितरण किया गया।

### महिला कांग्रेस सचिव के पति की मिली लाश

# रात को निकला था, सुबह तालाब में तैरता मिला शव

**जांजगीर (ए)।** जांजगीर जिले में कांग्रेस की महिला नेत्री के पति की लाश तालाब में तैरती हुई मिली है। रात को वह घर से निकला था। जिससे बाद वह लौट ही नहीं सका। अगले दिन अब उसकी लाश मिली है। पुलिस ने इस केस में जांच शुरू की है। मामला नैला चौकी क्षेत्र का है।



बगीचा पारा वार्ड नंबर 05 में रहने वाली मुस्कान परवीन प्रदेश महिला की कांग्रेस सचिव हैं। वह अपने पति शहजादा अली(40) के साथ ही इसी बगीचा पारा में रहती थीं। इस बीच शहजादा अली शनिवार रात को 10 बजे घर से निकल गया था। बताया गया है कि वह ज्यादातर रात को घर से निकल जाया करता था। फिर रात को नहीं आता था। इस वजह से परिजन खाना-पीना खाकर सो गए थे।

इधर, इस मामले का पता तब चल जब सुबह लोग गांव के लोग जूना तालाब में गए थे। यहीं लोगों ने तालाब में एक शव तैरते हुए देखा था। जिसके बाद पुलिस को इस बात की सूचना दी गई थी। सूचना मिलती ही पुलिस मौके पर पहुंची। तब पता चला है कि यह शव शहजादा अली का है। घटना के बाद से ही इलाके में मातम पसर गया है।

#### डूबने से मौत की आशंका

आस-पास के लोगों का कहना है कि शहजादा शराब पीने का आदी था। वह रोज शराब पिया करता था और अक्सर रात को निलकता तो फिर रात को घर ही नहीं लौटता था। ऐसे में आशंका है कि वह शराब के नशे में रात को तालाब में नहाने गया होगा। इसी दौरान उसका पैर फिसला होगा और वह एक बार में अधिक गहराई में चला गया होगा। पुलिस ने तालाब किनारे घाट से ही उसका कपड़ा बरामद किया है। फिलहाल पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा है। पुलिस का कहना है पीएम रिपोर्ट के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

### रुपये नहीं देने पर मां की पिटाई, भाई और बहू से भी मारपीट

**बिलासपुर (ए)।** जमीन बेचकर रुपये नहीं देने की बात कहते हुए अधेड़ ने अपने बेटों के साथ मिलकर मां की पिटाई कर दी। उसने मारपीट के बीच अपनी मां को बचाने आए छोटे भाई और बहू से भी मारपीट की। घायल ने इसकी शिकायत मस्तूरी थाने में की है। पुलिस जुर्म दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। मस्तूरी क्षेत्र के टिकारी में रहने वाले राधेश्याम साहू किसान हैं। उनकी मां खोलबहरीन बाई ने कुछ दिन पहले अपने हिस्से की जमीन बेची थी। इसे लेकर उनका बड़ा भाई शीतल आए दिन विवाद करता है। रविवार की सुबह 11 बजे शीतल अपने बेटे संजय और अन्य रिश्तेदारों के साथ अपनी मां के पास आया। उसने जमीन का रुपये नहीं देने की बात कहते हुए गाली-गलौज की। इसका विरोध करने पर उसने अपनी मां से मारपीट की। इसे देख राधेश्याम, उनकी पत्नी लोकेश्वरी और बेटी अंकिता बीच-बचाव के लिए दौड़ीं। शीतल और उसके बेटे ने राधेश्याम, उनकी पत्नी और बेटी की भी पिटाई की। आसपास के लोगों ने किसी तरह बीच-बचाव किया। इसके बाद घायल ने घटना की जानकारी डायल 112 को दी।

## स्टेशन पर 40 किलो गांजा के साथ दो आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर (ए)।** टिटलागढ़ से गांजा लेकर छपरा में बेंचने वाले दो आरोपितों को रायपुर आरपीएफ ने गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपित गांजा लेकर समता एक्सप्रेस से प्लेटफॉर्म क्रमांक दो पर उतरे थे कि आरपीएफ की टीम ने गांजा के साथ दोनों को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से दो लाख रुपये का गांजा बरामद हुआ है। आरपीएफ की टीम मामले की जांच कर रही है।

आरपीएफ से मिली जानकारी के अनुसार जुनागढ़, कालाहांडी ओडिसा निवासी आरोपित जयंत कुमार खर्सल (37) और धरमशाला, जाजपुर निवासी गनन बारिक (37) समता एक्सप्रेस कोच संख्या डी-3 में सवार होकर आ रायपुर आ रहे थे। दोनों के पास पिट्ठू बैग में तीन पैकेट कुल 40 किलो अवैध गांजा था। जिसकी कीमत कुल दो लाख रुपये बतायी जा रही है। दोनों आरोपित टिटलगाढ़ से गांजा लेकर ट्रेन के रास्ते छपरा में खपाने की योजना बनाई थी।

#### मुखबिर से मिली सूचना

इसी बीच आरपीएफ की गुप्तचर शाखा को मुखबिर से इसकी सूचना मिली। गुप्तचर विभाग की टीम मुखबिर के बताये अनुसार दोनों को प्लेटफार्म क्रमांक दो पर पकड़कर बैग की जांच किया तो इनकी बैग में गांजा होना पाया गया। आरपीएफ की पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि वह टिटलागढ़ से गांजा खरीदकर ट्रेन के रास्ते छपरा ले जाकर बेचना था। वह ट्रेन के रास्ते छपरा जाने की योजना थी।

## पिकअप में सवार युवक की सड़क पर गिरने से हुई मौत

**महासमुंद (ए)।** पिकअप में सवार युवक की सड़क में गिरने से पीढ़ी तुमगांव निवासी मिथलेश पिता कुमारनिषाद (21 साल) की मौत हो गई। घटना तुमगांव थाना के ग्राम जोबा के पास की है। इधर, एनएच - 353 ग्राम घोड़ारी के पास कार को एक ट्रेलर के चालक ने टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने चालकों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। तुमगांव थाना में पदस्थ एएसआई निलांबर नेताम ने बताया कि ग्राम पीढ़ी के सनत निषाद, मिथलेश निषाद, गजेन्द्र निषाद, दुर्गेश, भुनेश्वर, छोटू व रघु निषाद पिकअप क्रमांक सीजी 04 एलएक्स 9331 में सवार होकर ग्राम हरदीडीह में टेंट लगाने के लिए गए थे। वहां छट्टी का कार्यक्रम था। रात को छट्टी कार्यक्रम समाप्त होने के बाद सभी पिकअप में बैठकर वापस अपने गांव पीढ़ी आ रहे थे। पिकअप को सनत निषाद चला रहा था कि रात करीब साढ़े नौ बजे जैसे ही ग्राम जोबा के पास पहुंचे थे कि अचानक गाड़ी के सामने मवेशी आ गई। गाड़ी रफ्तार में होने के कारण चालक ने ब्रेक मार दिया। इससे गाड़ी में बैठे मिथलेश निषाद डाला से उछलकर जमीन पर गिर गया। इससे उसके सिर में गंभीर चोट आई थी। उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। इस हादसे में अन्य सवार को चोट नहीं आई है।

#### ट्रेलर की टक्कर से कार क्षतिग्रस्त, परिवार बचा

ग्राम ढेबा बारनवापारा थाना कसडोल जिला बलौदाबाजार निवासी कमलेश दीवान अपने परिवार के साथ कार क्रमांक सीजी 10 जेड 2008 से ग्राम गोईंदा थाना आरंग आया था, जहां से बरसी कार्यक्रम के बाद परिवार के साथ अपने गांव वापस जा रहा था। रात करीब आठ बजे एनएच - 353 पंकज टी स्टाल घोडारी के पास पहुंचे थे कि ट्रेलर क्रमांक सीजी 04 जेडी 9457 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक चलाकर कार को ठोकर मार दिया। इससे कार क्षतिग्रस्त हो गया, वहीं कार में सवार बाल-बाल बच गए।

## अज्ञात महिला की गला दबाकर हुई थी हत्या, साक्ष्य छुपाने जलाया शव



**महासमुंद (ए)।** सरायपाली के ग्राम कांशीपाली के एक खेत के पैरावट में मिली महिला की जली लाश शिनाख्ती तो अभी नहीं हो पाई है, लेकिन महिला की हत्या कैसे हुई है, इसकी पुष्टि हो गई है। इस पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। वहीं महिला की पहचान में टीम जुटी हुई है। सोशल मीडिया सहित अन्य तरीकों से की जा रही है। सरायपाली थाना प्रभारी आशीष वासनिक ने बताया कि 11 अप्रैल दोपहर ग्राम कांशापाली में एक अज्ञात महिला की जली हुई लाश मिली थी।

सूचना पर पहुंची टीम ने शव का पंचनामा कर उसे पीएम कराया। आसपास गांव में मृत महिला की पहचान कराई गई, लेकिन पहचान नहीं हुई। प्रथम दृष्टया हत्या लग रहा था, लेकिन पीएम रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुआ था। वर्तमान में पीएम रिपोर्ट प्राप्त हो गया है। इसमें पता चला है कि हत्यारा ने पहले महिला का गला दबाकर हत्या किया। इसके बाद महिला की पहचान न हो सके इसलिए उसके शव को सराईपाली सरसींवा रोड स्थित रूकमण निषाद के खेत में रखे पैरावट में रखकर पैरावट को जला दिया। इससे महिला 100 प्रतिशत जल गई। वर्तमान में उसकी पहचान करने में दिक्कत आ रही है।

#### 11 अप्रैल को मिली थी महिला की लाश

पुलिस के अनुसार ग्राम कांशीपाली में 11 अप्रैल दोपहर डेढ़ बजे ग्रामीण जब खेत की ओर गए तो महिला की जली लाश देखी। इसके बाद गांव के कोटवार गनेश्वर चौहान को इसकी सूचना दी गई। कोटवार ने दोपहर तीन बजे सरायपाली पुलिस को दी। बता दें कि पुलिस जब से लाश मिली है उसके बाद से आसपास गांव सहित जिले के लगे जिले के थानों में गुम इंसान की जांच की जा रही है, वहीं उनके परिजनों को उसकी पहचान कराने की कोशिश की जा रही है। पुलिस के पास सारंगढ़, रायगढ़ व ओडिशा क्षेत्र के लोग भी आए थे, लेकिन उसकी पहचान नहीं कर पाए।

## राजनांदगाव के 20 वर्षीय किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने वाला युवक गिरफ्तार, लखनऊ में मिली अपहृता किशोरी

**राजनांदगांव (ए)।** जिले के बागनदी थाना क्षेत्र में रहने वाली एक किशोरी को अज्ञात युवक बहला-फुसलाकर अपने साथ लखनऊ ले गया था। किशोरी के स्वजनों की शिकायत पर बागनदी पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज किया और उच्च अधिकारियों के निर्देश पर मामले को गंभीरता से ली। रिपोर्ट लिखने के बाद बागनदी पुलिस की टीम अपहृत किशोरी की पता तलाश में जुटी थी।



इसी दौरान पुलिस को संदेही युवक के बारे में लोकेशन ट्रेस करने पर लखनऊ में मिला। इसके बाद पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह के निर्देश पर बागनदी पुलिस की टीम लखनऊ रवाना हुई, जहां स्थानीय पुलिस की मदद से लोकेशन ट्रेस करते हुए पुलिस आरोपित के ठिकाने तक पहुंची। बागनदी थाना प्रभारी केशरीचंद साहू ने बताया कि आरोपित बिल्हा हिर्री बिलासपुर के धौराभाठा निवासी रमेश शास्त्री (20) किशोरी को बहला-फुसलाकर शादी का प्रलोभन देकर अपने साथ भगा ले गया था। आरोपित के चंगुल से पीड़िता किशोरी को छुड़ाया गया। बताया गया कि आरोपित युवक ने शादी का प्रलोभन देकर किशोरी के साथ दुष्कर्म भी किया। किशोरी को बरामद कर आरोपित युवक रमेश को गिरफ्तार कर लिए हैं। उन्हें राजनांदगांव लाने के बाद आरोपित को पुलिस ने न्यायालय में पेशकर जेल भेज दिया। पुलिस ने पीड़िता किशोरी से पूछताछ की, जिसमें उसने बताया कि आरोपित ने शादी करने का प्रलोभन देकर अपने साथ ले गया था। उसके साथ आरोपित ने शारीरिक संबंध भी बनाया।

वहीं जब शादी की बात कहने पर हर बार वह बात को टाल देता था। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ धारा 363, 366, 376, 4,6 पाक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई की। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी केसरीचंद साहू के साथ सहायक उप निरीक्षक अनिल कुमार झा, आरक्षक नामदेव नागवंशी, सुनील नवरत्न, राकेश मंडावी, भुनेश्वर ध्रुव व रक्षित केंद्र राजनांदगांव की महिला आरक्षक सहित स्टाफ की टीम मौजूद रही।

## नदी किनारे लगी थी जुआरियों की भीड़, पुलिस के पहुंचते ही मची भगदड़

**बिलासपुर (ए)।** कोनी के कछार में जुआरियों की भीड़ लगी थी। इसकी सूचना पर एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट ने मौके पर दबिश दी। पुलिस के पहुंचते ही जुआरियों में भगदड़ मच गई। जवानों ने नदी के रास्ते भागने का प्रयास कर रहे नौ जुआरियों को पकड़ लिया। उनके कब्जे से 89 हजार 500 रुपये जब्त कर जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट को रविवार की शाम सूचना मिली कि छोटी कोनी कछार के बीच बड़ी संख्या में जुआरियों की भीड़ लगी है। यहां पर जुआरी मोटी रकम दांव पर लगा रहे हैं। जानकारी पर एसपी पारुल माथुर ने एसीसीयू को कार्रवाई के निर्देश दिए। इस पर टीम ने मौके पर दबिश दी। पुलिस के पहुंचते ही जुआरी नदी के रास्ते गिरते पड़ते भागने लगे।

जवानों ने घेराबंदी कर मौके से संतोष जेठवानी, निलेश गिधवानी, रवि मोटवानी, संतु लालवानी, विजय चंदानी, अमित ठारवानी, नितिन साधवानी, नरेश वाधवानी, सुशील मतलानी सभी निवासी सिंधी कालोनी को पकड़ लिया। सभी जुआरी व्यापारी हैं। पकड़े गए जुआरियों के कब्जे से पुलिस की टीम ने 80 हजार 500 रुपये जब्त कर कोनी पुलिस के हवाले कर दिया। कोनी पुलिस ने जुआरियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।


आदित्य ड्राई क्लीनर्स
Pick & Drop Service Available (Terms & Condition Applied)
98271-90875
99938-08453
75877-57239
सोफा पर्दा कारपेट सीटकवर लेदर जैकेट टेड्डी वियर शू
सभी प्रकार के कपड़ों का आधुनिक तकनीकी से ड्राईक्लीन किया जाता है।
Shop NO.-105, "A" Market, Sector-6, Bhilai (C.G.)

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षों से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले, पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

मिस एंड मिसेस
लेडिस वेयर
• गाऊन
• ब्रा. पेन्टी
• नाईटी
• ब्लाउज
सभी प्रकार के अंडरगारमेंट्स की विशाल रेंज
शॉप नं-113, सेक्टर-6, ए मार्केट भिलाई

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RUPESH KUMAR
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
कृष्णा टाकिज रोड, विजय भवन के पास, रिसाली, भिलाई
जलाराम मिष्ठान के सामने, इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट
सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

## खास - खबर



### अवतरण दिवस पर जय श्री राम कीर्तन यात्रा निकाली गई

**दुर्ग।** बालसंस्कार और महिला मंडल के द्वारा संत श्री आसाराम जी बापू जी के 83 वे अवतरण दिवस के निमित्त जय श्री राम का जयकारा लगाते हुए भगवा रंग के झंडे लिए भगवान नाम कीर्तन यात्रा सरस्वती नगर दुर्ग में निकाली,कार्यक्रम में निषुल्क ऋषि प्रसाद का वितरण किया गया,यह यात्रा को दुर्ग के सभी मार्केट में घुमाया गया सभी ने भगवान नाम जप का लाभ उठाया उक्त जानकारी युवा सेवा संघ ने दी।

### ब्रह्माकुमारी बहने अग्निकांड में प्रभावित सैकड़ों परिवारों को दैनिक जरूरत की सामाने किया वितरित



**भिलाई।** पावर हाउस फल मंडी के पीछे स्थित कैंप 2 सूर्या नगर बस्ती में अग्निकांड में प्रभावित सैकड़ों परिवारों के लिए दिन बेहद खास और बाकी दिनों से अलग था क्योंकि उनके मन को स्थिर और जीवन में शांति की शक्ति  बिखरने के लिए ब्रह्माकुमारी बहने राहत सामग्री लेकर खाद्यान्न एवं दैनिक जीवन की उपयोगी वस्तुओं के किट बैग्स बनाकर उनके बीच पहुंची, ब्रह्माकुमारी बहनों ने पहले 10 मिनट वहां पर राजयोग के माध्यम से शांति के प्रकम्पन फैलाए, तत्पश्चात ब्रह्माकुमारी पूजा दीदी ने माइक के माध्यम से सभी पीड़ित सदस्यों  को परमात्मा की शक्तियों के बारे में बताते हुए कहा कि उन्होंने हमें भूखा नहीं रखा है, हम आज जीवित है7 ईश्वर की प्लानिंग हमारे लिए बढ़िया से बढ़िया है हमें थोड़ा धैर्य रख कर मन में संतोष रखना है जो हुआ उससे  सबक लेकर हमें सावधानी रखना है कि भविष्य में ऐसी घटनाएं ना हो माध्यम से सभी को साइलेंस की शक्ति से योग करा कर घर घर में जाकर जरूरी आवश्यक दैनिक उपयोगी वस्तुओं के बनाए किट बैग वितरण किए।

### विकास कार्यों के लोकार्पण कार्यक्रमों में सौगात देने पहुंचे मंत्री गुरु रूद्रकुमार

# जेवरा को राष्ट्रीय सम्मानः तेजी से हो रहे ग्रामीण विकास का सम्मान

श्रीकंचनपथ न्यूज


**दुर्ग।** पीएचई मंत्री गुरु रुद्रकुमार ने दुर्ग जिले और पाटन ब्लॉक के विभिन्न ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों का दौरा किया। यहां विभिन्न भूमि पूजन एवं लोकार्पण के कार्यक्रमों का शुभारंभ किया। इसके साथ ही उन्होंने सामाजिक आयोजनों में भी हिस्सा लिया। अपने जीपीडीपी के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित होने वाले गांव जेवरा में भी पीएचई मंत्री पहुंचे। वहां उन्होंने 1 करोड़ 47 लाख रुपए की लागत से जल जीवन मिशन के कार्य का भूमि पूजन किया।



इसके साथ ही उन्होंने सामुदायिक भवन सहित अनेक विकास कार्यों का लोकार्पण भी किया। मंत्री गुरू रूद्रकुमार ने अपने संबोधन में कहा कि यह बहुत हर्ष का विषय है कि ग्राम जेवरा के जीपीडीपी को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है। छत्तीसगढ़ शासन की नरवा गरवा घुरवा बाड़ी जैसी ग्रामीण विकास की योजनाओं से ग्रामीण क्षेत्रों में ठोस आर्थिक विकास की नींव तैयार हुई है। हम लगातार लोगों से मिल रहे हैं उनकी समस्याएं जान रहे हैं और विकास कार्यों से संबंधित उनसे फीडबैक भी ले रहे हैं और इसके पश्चात तेजी से विकास कार्यों को पूर्ण किए जा रहे हैं। जल जीवन मिशन के माध्यम से लोगों को स्वच्छ एवं शुद्ध पेयजल प्रदान करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

मंत्री गुरू रूद्रकुमार ने भाटापारा वार्ड में आयोजित भक्त माता कर्मा जयंती  के मौके पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि भक्त माता कर्मा साहू समाज ही नहीं अपितु पूरे प्रदेश की आदर्श हैं। छत्तीसगढ़ शासन ने भक्त माता कर्मा की जयंती पर अवकाश आरंभ किया है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से साहू समाज के द्वारा भक्त माता कर्मा की जयंती समारोह के आयोजन किए जा रहे हैं। यह देख कर बहुत अच्छा लगता है सामाजिक संगठनों के माध्यम से ही जन जागरूकता हासिल करने के अपने लक्ष्य में शासन को विशेष रूप से मदद मिलती है । भिलाई चरौदा में पीएचई मंत्री ने आंध्र कलिंगा समाज के कार्यक्रम में हिस्सा लिया। वहां सामाजिक जनों को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि सामाजिक एकजुटता के माध्यम से बड़े से बड़ा लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। आप लोग जन जागरूकता के लिए अच्छा काम कर रहे हैं। सामाजिक संगठनों की मजबूती से ही देश मजबूत होता है। समाज के कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि साहू समाज प्रखर समाज है और सामाजिक उद्देश्यों के लिए बहुत अच्छा काम कर रहा है।

## दुर्ग का सबसे बड़ा कार्निवाल करवा कर बधाई हो इंडिया इवेंट एंड कंपनी के डायरेक्ट और पूरी टीम ने रचा इतिहास



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** खालसा स्कूल दुर्ग में दुर्ग का सबसे बड़ा कार्निवाल करवाने वाले निशान्त जैन बधाई हो इंडिया इवेंट एंड कंपनी भिलाई ने दुर्ग को एक नए कार्यक्रम का आगाज दिया दुर्ग में इस तरह का व इस स्तर कार्यक्रम पहली बार देखने को मिला।

इस कार्यक्रम बैसाखी द मेला में कई बहार के लाइव बैंड परफॉर्मेंस, रैप म्यूजिक, दिल्ली का ढोल , डांस , स्टॉल्स व सबसे खूबसूरत डेकोरेशन जिसने लोगो का मनमोह लिया हालाँकि दुर्ग की जनता की उपस्तिथि कम दिखी परन्तु जिसने भी देखा उसने इस कार्यक्रम की सराहना की।

निशान्त जैन से बात करने में उन्होंने बताया कि वो भिलाई में इससे पहले भिलाई में कई बड़े आयोजन चुके है जो कि भिलाई के लिए एतिहासिक रहा है  और इस बार वो दुर्ग में वो कुछ नया करने की चाह लिए इस कार्यक्रम को दुर्ग में आयोजित किये और उन्होंने इस कर्यक्रम में जनता को इवेंट की नई दुनिया व क्रेटिव दुनिया से रूबरू करवाना चाहा ।

## दुकानों में आकस्मिक निरीक्षण कर निगम की टीम ने जब्त की प्रतिबंधित प्लास्टिक

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** नगर पालिक निगम के महापौर नीरज पाल के निर्देश पर प्रतिबंधित प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने लगातार अभियान चल रहा है। इस दिशा में एक सप्ताह से कार्यवाही की जा रही है। प्रतिबंधित पॉलीथिन के खिलाफ निगम का अभियान लगातार एक सप्ताह से जारी है।



इस पर प्रतिबंध लगाने निगम के अधिकारी ग्राहक बनकर साप्ताहिक व बाजारों में पहुंचकर दुकानों में सिंगल यूज प्लास्टिक की जब्ती बनाकर उनसे अर्थदंड वसूल कर रहे है। निरीक्षण के दौरान पॉलीथिन, डिस्पोजल व कैरी बैग मिलने पर जब्ती बनाई जा रहीं है। निगम की टीम ने 14 दुकानदारों पर कार्यवाही कर 12 हजार एक सौ रूपए वसूला। सेक्टर 7 मार्केट के दुकानदार सोनू, बाबू, सुभाष सिंह, सूरज, जिना सोनकर, सीपत, अनिल, कौशल, स्वामी नाथ से, आकाशगंगा मार्केट से सुरेश कुमार व नदू साहू से और केम्प दो लिंक रोड के व्यवसायिक प्रतिष्ठान रूकमणि एजेंसी से अर्थदंड वसूला गया। निगमायुक्त प्रकाश सर्वे ने व्यापरियों से अपील की है कि सिंगल यूज प्लास्टिक का पूरी तरह बहिष्कार करें, क्योंकि प्रतिबंधित प्लास्टिक से पर्यावरण को काफी नुकसान हो रहा है।

### मुख्यमार्ग निर्माण के दौरान पाइप लाइन फूटने पर भड़के विधायक

## विकास कार्यों में जनहित की अनदेखी नहीं की जाएगी बर्दाश्त : वोरा

श्रीकंचनपथ न्यूज



**दुर्ग।** वरिष्ठ विधायक अरुण वोरा की पहल पर पीडब्लूडी विभाग द्वारा कराए जा रहे नेहरू नगर चौक से मिनीमाता चौक तक मुख्यमार्ग उन्नयन एवं चौड़ीकरण के कारण आज फिर शहर के कई वार्डों की जनता को पानी नहीं मिला। सुबह से लोग नल न खुलने से हलाकान रहे। निर्माण कार्य जैसे जैसे गति पकड़ रहा है समस्याएं भी अधिक हो रही हैं।

सड़क की खुदाई किए जाने के कारण कई जगहों पर बड़ी पेयजल पाइप लाइन फूट गईं। भीषण गर्मी के मौसम में जनता को पेयजल की कमी का सामना करना पड़ा। मालवीय चौक पर एक माह पहले शिफ्ट की गई पाइपलाइन व गंजपारा चौक पर पाइपलाइन के साथ ही अस्पताल के सामने भी पाइपलाइन निर्माण कार्य के दौरान डैमेज हो गई। आज सुबह से दीपक नगरए मालवीय नगर के बड़े हिस्से में नल नहीं खुले। पांच बिल्डिंग और उडिया बस्ती में भी पानी सप्लाई ठप रही। इन वार्डों के आसपास के इलाकों में भी पानी के लिए लोग सुबह से मशक्कत करते रहे।

नगर निगम में संपर्क साधा लेकिन, कोई जवाब नहीं मिला। विधायक अरुण वोरा के पास सुबह से फोन पर शिकायतों का दौर शुरू हो गया। वोरा सुबह 8 बजे निकल पड़े। निगम के जलकार्य निरीक्षक नारायण ठाकुर के साथ मालवीय चौक पर समस्या देखने के बाद अस्पताल के सामने फूटी पाइपलाइन को देखा। फिर गंजपारा में फोड़ी गई पाइपलाइन का जायजा लिया। जहां महापौर धीरज बाकलीवाल भी पहुंचे। वोरा ने कहा कि सबसे पहले पानी सप्लाई की व्यवस्था तत्काल बहाल की जाए। पीडब्लूडी और नगर निगम के अफसरों की लापरवाही से शहर की जनता परेशान हो रही है। इसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वोरा ने सख्त लहजे में कहा है कि शहर में वाटर प्रोजेक्ट पर अरबों रुपए खर्च करने के शहरवासियों को पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। अब भी व्यवस्था नहीं सुधरी तो सख्त एक्शन लिया जाएगा। इस प्रशासनिक लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा नवदृष्टि फाउंडेशन सम्मनित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में दुर्ग भिलाई में सेवा कार्य कर रहे  डॉक्टर एवं सामाजिक संस्था नवदृष्टि फाउंडेशन के सदस्यों का सम्मान किया गया।



राजयसभा सांसद सुश्री सरोज पांडे,प्रदेश मंत्री श्रीमती उषा टावरी,पूर्व विधायक  सांवला राम डाहरे  के हाथों  नवदृष्टि फाउंडेशन की ओर से राज आढ़तिया,कुलवंत भाटिया, जितेंद्र हासवानी,हरमन दुलाई, विकास जायसवाल,रितेश जैन, पियूष मालवीय,सुरेश जैन, को नेत्रदान ,रक्तदान, देहदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु प्रशस्ति पत्र व् मोमेंटो दे कर सम्मानित किया गया व डॉ अजय गजेंद्र संस्था के कार्यों की तारीफ़ की व कहा देहदान रक्तदान व नेत्रदान में लोगों को जागरूक करने नवदृष्टि फाउंडेशन ने सफल प्रयास किये हैं  ।

पियूष मालवीय  ने कहा इस सम्मान से हमारी संस्था के सदस्यों का मनोबल बढ़ेगा व अन्य लोगों को भी सामाजिक कार्य करने प्रेरणा मिलेगी तथा हम भविष्य में भी निःस्वार्थ सेवा कार्य करते रहेंगे।

जितेंद्र हासवानी ने कहा अपने अपने क्षेत्र में लोगों को बेहतर सेवा दे रहे अंचल  के ख्यातिमान डॉक्टरों क साथ सम्मानित होना हमारी संस्था के सदस्यों के लिए गौरव की बात है।

हमें और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी। नवदृष्टि फाउंडेशन की ओर से अनिल बल्लेवार ,कुलवंत भाटिया, राज आढ़तिया, प्रवीण तिवारी, मुकेश आढ़तिया, हरमन दुलई,, किरण भंडारी, रितेश जैन, जितेंद्र हासवानी ,सत्येंद्र राजपूत, सुरेश जैन, पियूष मालवीय, विकास जायसवाल मुकेश राठी, दीपक बंसल, प्रभु दयाल उजाला, प्रमोद बाघ ,सूरज साहू संतोष राज पुरोहित, चेतन जैन ,चन्दन मिश्रा,यतीन्द्र चावड़ा, नत्थू अग्रवाल, खुर्शीद अहमद, आकाश मसीह, वीरेंद्र पाली, प्रफुल्ल जोशी,प्रसाद राव,संतोष रतनानी दीपक बंसल ने जैन भाजपा कार्यालय में सम्मनित होने पर खुशी जाहिर की।

# जीई फाउंडेशन के रंगों की उड़ान में दिव्यांग बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** जी ई फाउंडेशन द्वारा भिलाई नायर समाजम स्कूल, सेक्टर -8 में दिव्यांग बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता रंगों की उड़ान कार्यक्रम का गरिमामय आयोजन किया गया7 इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डिप्टी कमिश्नर दुर्ग संभाग श्रीमती मोनिका कावड़ो उपस्थित रही।



इसके अतिरिक्त विशिष्ट अतिथि के रूप में भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक (आरईडी) तरुण करनार, पार्षद  वशिष्ठ नारायण मिश्रा, भिलाई नायर समाजम स्कूल के महासचिव  ई के एस पिल्ले,उपाध्यक्ष प्रभाकरण एवं आर शैलेश, मनीष त्रिपाठी, डॉक्टर सरिता जोशी एवं यूनिसेफ की सु निशा सोनी उपस्थित रहे7 कार्यक्रम की अध्यक्षता जी ई फाउंडेशन के संयोजक  प्रदीप पिल्ले,ने की एवं कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ साहित्यकार व समाजसेवी सत्यवान नायक ने किया। जी ई फाउंडेशन द्वारा दिव्यांग बच्चों के चित्रकला प्रतिभा को निखारने एवं उनके कला को यथोचित मंच देने के लिए प्रतिवर्ष रंगों की उड़ान का भव्य आयोजन किया जाता रहा है। इस वर्ष कार्यक्रम में प्रदेश के 9 दिव्यांग स्कूलों के 75 से अधिक बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाई 7 इसमें भिलाई दुर्ग व धमतरी के दिव्यांग स्कूलों ने भाग लिया7इन दिव्यांग बच्चों ने विकलांगता की सारी बाधाओं को पार करते हुए बेहतरीन पेंटिंग बनाई। जिसका मुख्य अतिथि सहित विशिष्ट अतिथियों ने अवलोकन कर इन बच्चों की भूरी भूरी प्रशंसा की। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डिप्टी कमिश्नर दुर्ग संभाग,श्रीमती मोनिका कावड़ो ने अपने सारगर्भित उद्बोधन मे  इन दिव्यांग बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विशिष्ट अतिथि तरुण करनार ने इन बच्चों के साहस की तारीफ करते उनके बेहतर जीवन हेतु शुभकामनाएं प्रदान की। पार्षद  वशिष्ठ नारायण मिश्रा ने अपने संबोधन में इन दिव्यांग जनों हेतु हरसंभव सहायता करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। बैज एवं पुष्पगुच्छ के स्वागत करने के साथ ही जीई फाउंडेशन की सक्रिय सदस्य सु अनुपमा मेश्राम ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया। सभी प्रतिभागी बच्चों को मुख्य अतिथि डिप्टी कमिश्नर श्रीमती मोनिका कावड़ो तथा विशिष्ट अतिथि बीएसपी के सीजीएम (आरईडी) तरुण करनार एवं पार्षद  वशिष्ठ नारायण मिश्रा, जी ई फाउंडेशन के संयोजक  प्रदीप पिल्ले ने प्रमाण पत्र स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम को सफल बनाने में भिलाई नायर समाज कमेटी के साथ-साथ जी ई फाउंडेशन के संयोजक  प्रदीप पिल्ले, हरप्रीत सिंह अरोरा बीजू वर्गीस, सत्यवान नायक तथा सेंट थॉमस कॉलेज के वॉलिंटियर्स ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950